तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 16.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026



अशोकनगर में अमृत मिशन के लिए खोदा गया गड्ढा लोगों के लिए समस्या बन गया है।



# आनलाइन डायवर्सन अभी दूर की कौड़ी, पिछले 50 दिनों में जिले क्या प्रदेश भर में एक भी आवेदन नहीं लिए गए, पुराने मामले लंबित पड़े

**खास बातें**

- लगातार शिकायतों और मांग के बाद अधिकारियों द्वारा बस इतना कहा जा रहा है कि इंतजार करना पड़ेगा
- डायवर्सन की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने के लिए 13 दिसंबर 20025 को अधिसूचना जारी की गई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





बिलासपुर समेत पूरे प्रदेश में जमीन डायवर्सन (व्यपवर्तन) के लिए चक्कर काट रहे लोगों को अभी और इंतजार करना होगा। सरकार ने दरअसल डायवर्सन की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने के लिए 13 दिसंबर 20025 को अधिसूचना जारी तो कर दी है लेकिन इसके लिए अभी कोई व्यवस्था नहीं हो सकी है। पोर्टल और एप तैयार करने की कोशिशें जारी हैं। इस बीच राजस्व सभी तहसीलों में डायवर्सन के आवेदन तक नहीं लिए जा रहे हैं। पिछले 50 दिनों में जिले क्या प्रदेश भर में एक भी आवेदन नहीं लिए गए हैं और लोग परेशान है। यही नहीं जो पुराने आवेदन किए गए थे उसे भी लंबित प्रकरणों में डाल दिया गया है। बिलासपुर में ही ऐसे सैकड़ों आवेदन है। लगातार शिकायतों और मांग के बाद अधिकारियों द्वारा बस इतना कहा जा रहा है कि इंतजार करना पड़ेगा।

दरअसल प्रदेश में पहली बार ऐसा होगा जब जमीन डायवर्सन का काम घर बैठे ऑनलाइन हो जाएगा। अभी कृषि जमीन को आवासीय या आवासीय जमीन को कमर्शियल कराने में कम से कम दो से तीन माह का समय लग रहा था लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। लोगों को 15 दिन में ही आदेश मिल जाएगा। व्यवस्था के मुताबिक डायवर्सन कराने के लिए लोगों को बार-बार तहसीलों में नहीं जाना पड़ेगा। आरआई-पटवारियों के पीछे नहीं घूमना पड़ेगा। इतना ही नहीं अब डायवर्सन के लिए सक्षम प्राधिकारी की अनुज्ञा की भी जरूरत नहीं है। राजस्व विभाग ने इस आदेश की अधिसूचना राजपत्र में भी प्रकाशित कर दी है।

### आवेदन में समय सीमा लॉक होगी

राजपत्र में जारी अधिसूचना के अनुसार नगर निगम व नगर पालिका की सीमा, नगर निगम एवं नगर पालिका की बाहरी सीमा से 5 किमी का क्षेत्र, नगर पंचायत क्षेत्रों, नगर पंचायत की बाहरी सीमाओं से 2 किमी के क्षेत्रों एवं ग्रामीण इलाकों में जमीन के डायवर्सन के लिए सक्षम प्राधिकारी की अनुज्ञा की जरूरत नहीं है। सक्षम प्राधिकारी की ओर से ही ऐसी जमीनों का पुनर्निर्धारण कर दिया जाएगा। सरकार का दावा है कि इस नई ऑनलाइन व्यवस्था से डायवर्सन का सिस्टम पूरी तरह से पारदर्शी हो जाएगा।

### डेढ़ महीने से काम प्रभावित, ट्रायल ही चल रहा

राजस्व विभाग डायवर्सन की पूरी प्रक्रिया को हाईटेक करने जा रहा है। इसके लिए एक नया ऑनलाइन पोर्टल और मोबाइल ऐप तैयार किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक इसका वर्तमान में ट्रायल चल रहा है। अब पोर्टल पूरी तरह तैयार नहीं होने के कारण पिछले करीब डेढ़ महीने से काम प्रभावित है। विभाग के बड़े अधिकारियों ने तकनीकी खामियों को दूर कर पोर्टल को जल्द लाइव करने के निर्देश तो दिए हैं लेकिन इसमें सुधार हो ही नहीं पा रहा है।

### ऑटो-अप्रूवल' का फीचर जोड़ा गया

नए सिस्टम के तहत जमीन का डायवर्सन कराने के लिए जमीन मालिक को सरकारी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ क्षेत्र के अनुसार तय भू-राजस्व और प्रीमियम दर यानी डायवर्सन फीस का ऑनलाइन पेमेंट करना होगा। यह आवेदन संबंधित जिले के एसडीएम के पास ऑनलाइन ही पहुंचेगा। यहां तक की प्रक्रिया में कोई भी काम मैन्युअल नहीं होगा। नए नियम के अनुसार एसडीएम को 15 दिन के भीतर डायवर्सन का आदेश जारी करना अनिवार्य होगा।

### प्रीमियम दरें लागू होगी, 3 से 25 प्रति वर्गमीटर शुल्क

नए सिस्टम में डायवर्सन के लिए प्रीमियम दरें तय की गई हैं। अधिसूचना के अनुसार लगभग 3 रुपए प्रति वर्गमीटर से 25 रुपए प्रति वर्गमीटर तक की यह दरें होंगी। ये दरें नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत और ग्रामीण इलाकों के लिए अलग-अलग होंगी। शहर में आवासीय, कॉलोनी परियोजना, वाणिज्यिक, औद्योगिक, मिश्रित उपयोग, सार्वजनिक, संस्थागत, चिकित्सा और विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) के अनुसार भी अलग-अलग प्रीमियम दरें लागू होंगी।

### वेबसाइट बनकर तैयार

नया ऐप और वेबसाइट बनकर तैयार है। ट्रायल के अंतिम चरण के बाद इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इससे आम लोगों को तहसील और एसडीएम कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी।

- संजय अग्रवाल, कलेक्टर

**खबर संक्षेप**

## सीयूईटी यूजी के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आज





**बिलासपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में यूजी-पीजी पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस एग्जाम सीयूईटी का आयोजन किया जाता है। हर साल यह एग्जाम काफी विलंब से होता था, जिसके चलते यूनिवर्सिटी, कालेजों में प्रवेश को लेकर समस्या आती थी। इसलिए इस बार सीयूईटी ने दिसंबर-जनवरी में ही फार्म भराना शुरू कर दिया था। सीयूईटी यूजी के लिए 3 जनवरी से आनलाइन फार्म भराना शुरू हुआ था जिसकी अंतिम तिथि 30 जनवरी तक थी। लेकिन एनटीए ने यूजी के लिए फार्म भरने की तिथि 4 फरवरी तक बढ़ा दी थी। बारहवीं उत्तीर्ण करने वाले बहुत से छात्र-छात्राएं सीयूईटी रिजल्ट का इंतजार करते रहते हैं और सीयूईटी आधार पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रवेश पाने का रास्ता देखते रहते हैं, जिसके चलते स्टेट छात्र स्टेट यूनिवर्सिटी और कालेजों में प्रवेश नहीं लेते और सीटें खाली रहती है। इसलिए सीयूईटी एग्जाम पहले कराने की मांग उठती रही है। इसलिए इस बार एनटीए ने सीयूईटी आनलाइन आवेदन प्रक्रिया पहले ही शुरु कर दी थी।

## तापमान बढ़ने से छूट रहा है पसीना

**बिलासपुर।** मौसम में गर्मी की आहट हो चुकी है। पारा अब धीरे-धीरे बढ़ने लगा है, जिससे लोगों के पसीने छुटने लगे है। गर्मी की दस्तक के बाद अब ठंड़ी गायब हो रही है, सुबह के समय ही ठंड का एहसास होता है। बताया जा रहा है कि जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री रहा, वहीं न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस हफ्ते 2 डिग्री तक तापमान बढ़ सकता है। वहीं गर्मी के आहट होते ही अब कूलर और एसी की पूछपरख बढ़ने लगी है।

## दो दिन रिशेड्यूल चलेगी नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस



**बिलासपुर।** उत्तर पूर्व रेलवे के नूनखार से देवरिया सदर रेलवे स्टेशन के बीच गर्डर लांचिंग का कार्य किया जाएगा। इसके कारण 8 व 15 फरवरी को नौतनवा स्टेशन से 150 मिनट देर से रवाना की जाएगी। सीएसएमटी स्टेशन के पुनर्विकास के दौरान प्लेटफार्म 16 व 17 बंद रहने के कारण 12810 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी। मध्य रेलवे में किए जा रहे स्टेशन के पुनर्विकास के संबंध में सीएसएमटी स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 16 व 17 पर 85 दिनों के लिए विशेष यातायात व बिजली अवरोधों के दौरान ट्रेन का रोकने का निर्णय लिया है। 24 अप्रैल तक 12810 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी।

## दो ट्रेनों में अतिरिक्त जनरल कोच की सुविधा

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने दो ट्रेनों में अतिरिक्त जनरल कोच की सुविधा देने का आदेश जारी किया है। सामान्य कोच में सफर करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए 22905/22906 ओखा-शालीमार और शालीमार से ओखा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में एक जनरल कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई गई है।

### शुभम विहार शिक्षक कालोनी में वारदात

# ब्रेकअप और नंबर ब्लाक से भड़की गर्लफ्रेंड बायफ्रेंड के घर पहुंच चाकू से किया मर्डर



एम्बुलेंस में रखा मृतक का शव।





आरोपी युवती को पकड़कर ले जाती पुलिस व इनसेट में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ब्रेकअप और नंबर ब्लाक करने से नाराज गर्लफ्रेंड ने अपने बॉयफ्रेंड के दिल पर चाकू गोदकर उसे मार डाला। पुलिस के मुताबिक रोशनी सूर्यवंशी (22) मंगलवार सुबह कामता प्रसाद सूर्यवंशी (25) के घर चाकू लेकर मिलने पहुंची थी। जहां उसने वारदात को अंजाम दिया। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। हत्या की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है।



मृतक

- **मृतक युवक भाजपा नेता का भांजा था**

दरअसल रोशनी को शक था कि उसे छोड़ लड़के ने किसी दूसरी लड़की से दोस्ती कर ली हैं, इसी गुस्से में आकर उसने मर्डर कर दिया। दोनों की इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती हुई थी, 6 महीने बाद लड़के ने बात करना बंद कर दिया था और कॉल-मैसेज में ब्लॉक भी कर दिया था। मृतक युवक भाजपा नेता और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी का भांजा था।

पुलिस के मुताबिक कामता प्रसाद सूर्यवंशी (25) रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कर्रा का रहने वाला था। वह सिविल लाइन क्षेत्र के शुभम विहार स्थित शिक्षक कॉलोनी में अंजू लाल के मकान को किराए पर लेकर रहता था और होटल में काम करता था। 6 महीने पहले इंस्टाग्राम के जरिए से कामता की पहचान सीपत क्षेत्र के ग्राम झलमला निवासी रोशनी सूर्यवंशी (22) से हुई थी। जिसके बाद दोनों बातचीत करने लगे थे। बाद में दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे। दोनों के बीच सब कुछ सही चल रहा था।

### दूसरी लड़की से बात करने का शक

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया कि युवक पिछले 6 महीने से उसलापुर स्मार्ट रोड स्थित हरी चटनी होटल में वेटर का काम कर रहा था। होटल संचालक ने शुभम विहार शिक्षक कालोनी में किराए का मकान लेकर 6 से 7 वेटरो को यहां रखा था। 3 फरवरी की सुबह 11 बजे कांता प्रसाद अपने साथी सुरेश के साथ रूम में सो रहा था। इसी दौरान बाहर से दरवाजा खटखटाने की आवाज आई। कांता प्रसाद ने दरवाजा खोला तो उसकी प्रेमिका सीपत झलमला निवासी कु. रोशनी सूर्यवंशी पिता तुलसी सूर्यवंशी 22 साल रूम में घूस गई। उसके बाद उसने कांता प्रसाद को दूसरी लड़की से बात करता है कहते हुए मोबाइल लूटने की कोशिश करने लगी। दोनों के बीच कमरे में ही झुमाझटकी होने लगी। इसी बीच रोशनी ने जेब से चाकू निकालकर सीधे उसे दिल के पास वार कर दिया। कांता प्रसाद खून से लथपथ होकर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कमरे में पहले से मौजूद कांता प्रसाद के दोस्त सुरेश ने युवती को पकड़ लिया और चिल्लाने लगा। बगल के कमरे में रहने वाले अन्य वेटर भी आवाज सुनकर पहुंचे और युवती को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवती को हिरासत में लेकर युवक का शव एम्बुलेंस से सिम्स भेजा गया। पुलिस ने युवती को गिरफ्तार कर लिया है।

### हत्या की वारदात से कालोनी में सनसनी

पुलिस के मुताबिक बीते दो-तीन दिनों से किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि गर्लफ्रेंड को शक था कि बॉयफ्रेंड ने ब्रेकअप कर किसी दूसरी युवती से दोस्ती कर लिया है। बेक्रअप के बाद बॉयफ्रेंड ने गर्लफ्रेंड को कॉल-मैसेज पर ब्लॉक कर दिया था। इससे नाराज युवती मंगलवार (3 फरवरी) की सुबह युवक से मिलने घर पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक युवती कुदूदण्ड मिलन चौक में अपनी बहन के घर में रह रही थी। युवती के नशा करने की भी जानकारी मिली है। यह भी जानकारी मिली है कि मृतक कांता प्रसाद सूर्यवंशी जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी का रिश्ते में भांजा है। हत्या की खबर लगते ही श्री सूर्यवंशी मौके पर किराए के मकान में पहुंचे। उन्होंने टीआई श्री साहू से घटना की जानकारी लेकर सख्ती से कार्रवाई करने कहा है। इधर कालोनी के अंदर हत्या की वारदात होने से सनसनी फैल गई। उक्त मकान के आसपास लोगों की भीड़ लगी रही। कालोनी के लोग घरों की छतों में चढ़कर पुलिसियां कार्रवाई देखते रहे। इसके अलावा आरोपी युवती को देखने एम्बुलेंस के पास लोगों का जमावड़ा लगा रहा।

# पूजापाठ कर ढाई लाख को 2.5 करोड़ बनाने का झांसा

### सरपंच सहित 6 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक कथित तांत्रिक विजय कुमार राज (48 साल) ने बिल्हा के सबंलपुरी में कांग्रेस समर्थित सरपंच पति के घर अनुष्ठान का वीडियो बनाया। जिसमें पैसों की गड्डी के सामने नारियल, अगरबत्ती रख पूजा की। फिर अचानक ऊपर से पैसों की बारिश होने लगी। वीडियो देख झांसे में आकर कोरिया के 4 लोगों ने पैसा दे दिया। लेकिन जब उन्हें ठगी का एहसास हुआ, तो वे अपना पैसा वापस मांगने गए। तब तक तांत्रिक और उसके 4 साथी भाग गए। पीड़ितों ने उन्हें हाईवे में बीच सड़क रोककर पिटाई कर दी। मामला रतनपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मामले में एक सरपंच, 3 महिलाओं समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी रिखीराम नवरंग बिल्हा के गांव संबलपुर से सरपंच पति है और कांग्रेस समर्थित है। यह तांत्रिक के अनुष्ठान में सहयोग देता था। विजय कुमार राज खुद को तांत्रिक बताता था। तीनों महिलाएं लोगों को झांसे में लाने में का काम करती थी। लाखों रुपयों में करोड़ों में बदलने का दावा करती थी। इसी दावे के साथ 30 जनवरी को कोरिया निवासी 4 युवकों को बिल्हा बुलाया गया, जहां आरोपियों ने 'पैसों की बारिश' का नाटक रचा और उनसे ढाई लाख रुपए ठग लिए। पुलिस के मुताबिक तांत्रिक विजय कुमार राज (48) कोरबा जिले के दीपका का रहने वाला है। वह 31 जनवरी को ठगी के पैसों को लेकर जा रहा था। इसी दौरान रात करीब साढ़े 3 बजे रतनपुर में एक ढाबे के पास टॉयलेट के लिए उसने अपनी कार रोकी। तभी 2 कार वहां आकर रुकी। जिसमें से ठगी के शिकार हुए 4 पीड़ित युवक उतरे और फिल्मी स्टाइल में विजय के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद हमलावर उसकी की कार, 3 मोबाइल और करीब 8 हजार रुपए कैश लूटकर भाग गए।

### तांत्रिक से बदला लेने की लूटपाट

इस घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर विशेष टीम गठित की। टेक्निकल साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में अंबिकापुर और कोरिया पहुंची। जहां टीम ने 2 फरवरी को लूट मारपीट के चारों आरोपियों सरगुजा और कोरिया से गिरफ्तार कर बिलासपुर लाया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई कार, मोबाइल, कैश और वारदात में इस्तेमाल की गई क्रेटा-अर्टिगा कार को भी जब्त कर लिया है। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि, उन्होंने बदले की भावना से वारदात को अंजाम दिया है। विजय कुमार राज ने तंत्र विद्या और पूजा-पाठ से पैसे बढ़ाने का झांसा दिया था। उसने 2.50 लाख रुपए को 2.50 करोड़ रुपए बनाने का झांसा दिया था। जिसके बाद उनसे पैसे वसूलकर घूमाने लगा। जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो विजय ने देने से इनकार कर दिया। इसी के बाद आरोपियों ने पीछा कर रतनपुर क्षेत्र के मदनपुर के पास मारपीट कर उससे स्विफ्ट डिजायर कार, मोबाइल और कैश लूट लिए।

### तंत्र-मंत्र के जरिए ठगी की बात पुलिस से छिपाई

एएसपी मधुलिका सिंह ने बताया कि, जांच में यह भी सामने आया है कि कथित तांत्रिक विजय ने तंत्र-मंत्र के जरिए ठगी की बात पुलिस से छिपाई थी। जबकि, वह खुद भी ठगी का आरोपी निकला। पुलिस दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। तांत्रिक और उसके सहयोगियों पर बिल्हा थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। वहीं, ठगी केआरोपियों के पास से 1 लाख 85 हजार रुपए बरामद किया गया है। मामले में पुलिस ने गुरूजी, सरपंच रिखीराम, विमला बाई गोंड़, बृहस्पति, ब्रीज बाई गोंड़, विजय राज के खिलाफ बीएनएसी की धारा 318, 4 , 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि पीड़ित पक्ष ने दो दिन पूर्व रतनपुर रोड से आरोपी विजय राज से मारपीट कर कार लूटी थी। उक्त मामले में रतनपुर पुलिस ने लूट के आरोप में कोरिया निवासी विद्यादास महंत, रामसुन्दर, राजीव कुमार सिंह, गुलशन कुजूर को गिरफ्तार किया था।

### अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था के साथ लोगों से स्थापित होगा प्रभावी समन्वय

# ड्रोन की नज़र, अपराध पर वार, सुदृढ़ होगी बीट प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा आम जनता से प्रभावी समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बीट प्रणाली को मानक कार्यप्रणाली के अनुसार प्रभावी रूप से लागू किया गया है। बीट अधिकारी अपने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों, असामाजिक तत्वों, सामाजिक-सामुदायिक गतिविधियों, बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही, किरायेदारों एवं नवागंतुकों की जानकारी संधारित करेंगे। इसके साथ ही आम नागरिकों से सतत संवाद स्थापित कर प्रारंभिक सूचना संकलन, अपराध की रोकथाम, एवं जन-विश्वास को मजबूत किया जाएगा।

- **24×7 गश्त, अपराध नियंत्रण एवं सामुदायिक पुलिसिंग पर विशेष जोर**

एसएसपी रजनेश सिंह के मुताबिक बीट में आवंटित मोटर साइकिल में जीपीएस लगाया गया है, जिससे पुलिस की निरंतर उपस्थिति एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित होगी। बीट प्रणाली से पुलिस की दृश्यता बढ़ेगी, त्वरित कार्रवाई संभव होगी तथा सामुदायिक पुलिसिंग को नई मजबूती मिलेगी।



### रात्रिकालीन गश्त पर रहेगा विशेष ध्यान

रात्रिकालीन गश्त विशेष रूप से रात्रि 12:00 बजे से 4:00 बजे के मध्य प्रभावी रूप से की जाएगी। प्रत्येक बीट में बीट रजिस्टर/बीट डायरी का नियमित संधारण, अपराध मानचित्रण, घटनाओं का विश्लेषण तथा सीसीटीवी कैमरों एवं क्यूआर कोड के माध्यम से पुलिस उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद एवं सामुदायिक रूप से संवेदनशील मामलों की समय रहते जानकारी एकत्र कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

### तकनीक आधारित विशेष अभियान चलाया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने बताया कि जिले में नशाखोरी, अड्डेबाजी, असामाजिक गतिविधियों एवं यातायात अव्यवस्था पर नियंत्रण हेतु ड्रोन तकनीक आधारित विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सिरगिट्टी क्षेत्र में ड्रोन से मिली लाइव जानकारी के आधार पर चिन्हित स्थानों पर दबिश देकर नशा व अड्डेबाजी में लिप्त 15 संदिग्धों पर वैधानिक कार्रवाई की गई।

### शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होगी व्यवस्था

जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, संवेदनशील एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से शहरी एवं ग्रामीण बीट प्रणाली को सुदृढ़ रूप से लागू किया गया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक बीट क्षेत्र में 06 आरक्षक तैनात किए गए हैं, जो प्रातः, सायं एवं रात्रि—तीन शिफ्टों में 24×7 गश्त एवं निगरानी सुनिश्चित करेंगे। शहरी बीट क्षेत्र में बाजार, भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, स्लम बस्तियाँ, स्कूल–कॉलेज, एटीएम, बस एवं रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील स्थलों को शामिल किया गया है। वहीं ग्रामीण बीट प्रणाली के अंतर्गत 3 से 6 ग्राम, खेत-खलिहान, जलस्रोत, वन सीमा क्षेत्र, बंदोबस्त क्षेत्र एवं दुर्घटनाजन्य स्थानों को कवर किया गया है।

### नशे के विरुद्ध चलेगा विशेष अभियान

बीट अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों, अपराधी तत्वों, हिस्ट्रीशीटरों एवं बाहरी आगंतुकों पर सतत निगरानी रखें। नशा, जुआ-सट्टा, चोरी, नकबजनी, छेड़छाड़ एवं गुंडागर्दी जैसी गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। नशे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर इसके नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने हेतु कठोर कदम उठाए जाएंगे। साथ ही बीट अधिकारियों द्वारा स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, दुकानदारों, चौकीदारों, सरपंच, कोटवार एवं शिक्षकों से निरंतर संपर्क स्थापित किया जाएगा।

# पेयजल के साथ सीवरेज पर गरम होगा सदन

**बिलासपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा 13 फरवरी की दोपहर 12 बजे लखीराम आडिटोरियम में होगी। इसके लिए 3 फरवरी की दोपहर 2 बजे तक निगम सचिवालय, विकास भवन में जमा किया गया। अधिकारियों के मुताबिक 6 फरवरी को विकास भवन में लॉटरी सिस्टम के माध्यम से प्रश्नों का चयन किया जाएगा। सामान्य सभा के लिए फिलहाल कुल 33 पार्षदों ने 66 प्रश्न किए हैं। गर्मी में पेयजल की व्यवस्था, नए शामिल क्षेत्रों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की जानकारी, बिना नक्शा पास बन रहे भवनों के साथ ही चिंगराजपारा से हटाए गए लोगों को आवास आबंटन क्यों नहीं की गई, इसकी जानकारी मांगी गई है। तालाबों के संरक्षण और संवर्धन, आरके नगर में लीज माफी की जानकारी और सीवरेज के पूरा होने पर भी सवाल पूछे गए हैं। शहरी क्षेत्र में सड़क और नाली निर्माण, वन अधिकार पट्टा, ज्वाली नाले पर अतिक्रमण, पीएम आवास, स्ट्रीट लाइट पर भी सदन में सवाल होंगे।

4 फरवरी



# WORLD CANCER DAY
United By Unique



## विश्व कैंसर दिवस : कैंसर के प्रति वैश्विक जागरूकता

विश्व कैंसर दिवस, जो हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है, केवल एक वैश्विक जागरुकता अभियान से कहीं अधिक है – यह कैंसर को समझने, उसकी रोकथाम करने और उसका इलाज करने के तरीकों पर पुनर्विचार करने का एक सामूहिक आह्वान है। भारत सहित दुनिया भर में कैंसर का बोझ लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में अब ध्यान केवल बीमारी के इलाज पर ही नहीं, बल्कि पीड़ित व्यक्ति की देखभाल पर भी केंद्रित है। विश्व कैंसर दिवस 2026, "यूनाइटेड बाय यूनिक" की वैश्विक थीम के अनुरूप, कैंसर देखभाल के हर चरण में व्यक्तियों, उनके अनुभवों और उनकी जरूरतों को केंद्र में रखने की आवश्यकता पर बल देता है, जो कैंसर विज्ञान में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। यह बदलाव केवल बीमारी पर केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर, कैंसर के रोगियों और उनके परिवारों पर पड़ने वाले भावनात्मक, सामाजिक और आजीवन प्रभाव को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्व कैंसर दिवस एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है जो हर साल 4 फरवरी को कैंसर के बारे में जागरुकता बढ़ाने, इसकी रोकथाम को प्रोत्साहित करने और वैश्विक कैंसर महामारी से निपटने के लिए कार्रवाई को एकजुट करने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस का आयोजन यूआईसीसी द्वारा किया जाता है और इसकी स्थापना वर्ष 2000 में हुई थी।

कैंसर दिवस कैंसर के प्रति वैश्विक जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह विश्व भर में कैंसर के बढ़ते बोझ को उजागर करता है। यह दिन रोकथाम, शीघ्र निदान और समय पर उपचार को प्रोत्साहित करता है। जीवनशैली में बदलाव और नियमित जांच के माध्यम से कई प्रकार के कैंसर से बचाव संभव है।

b•SKIN
Clinic By Dr. Bhavya Swarnkar
Healthy Skin, Happy You !

✦ चर्म रोग ट्रीटमेंट ✦ बालों का ट्रीटमेंट
✦ नाखून संबंधित ट्रीटमेंट ✦ गुप्त रोग इलाज
✦ कुष्ठ रोग का ईलाज
✦ स्किन कैंसर सर्जरी
✦ लेजर और कास्मेटिक ट्रीटमेंट
✦ चर्म और नाखून संबंधित सर्जरी
Dr. Bhavya Swarnkar
Consultant Dermatologist, Apollo Hospitals, Bilaspur (C.G.)
Ex-Senior Resident, AIIMS, New Delhi.
M.B.B.S. (Grant Medical College, Mumbai, Maharashtra),
M.D. (gold-medalist),
D.N.B. Dermatology, venereology and leprosy
(Maulana Azad Medical College, New Delhi)
For Appointment
Timings: Mon-Sat 10-11:30 A.M. and 6-8 P.M.
Sunday- 4:00 P.M. - 6:00 P.M.
62653 42399, 95894 47282
Address: Shop No. 68, Vyavsayik Parisar, RK Nagar Rd, Rajkishore Nagar, Bilaspur (C.G.) Pin Code: 495006

## बिलासपुर में कैंसर का उन्नत उपचार उपलब्ध



डॉ.पुष्कल द्विवेदी

कैंसर के मरीजों को अब इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि बिलासपुर में ही कैंसर का आधुनिक और संपूर्ण उपचार उपलब्ध है। आरोग्य कैंसर हॉस्पिटल में डॉ. पुष्कल द्विवेदी के नेतृत्व में कैंसर की सभी प्रकार की सर्जरी, कीमोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी की सुविधा प्रदान की जा रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कैंसर का इलाज किया जाता है, जिससे मरीजों को रु. 5 लाख तक का स्वास्थ्य कवरेज मिल सकता है। इस योजना ने कई कैंसर पीड़ितों के लिए जीवनदायिनी साबित हुई है, जिससे उन्हें बिना किसी भारी वित्तीय बोझ के उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने का अवसर मिला है। यहां डे-केयर कीमोथेरेपी, बायोप्सी, पैलिएटिव केयर (दर्द का निवारण) और रक्त रोग/ब्लड कैंसर का भी इलाज होता है, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है।

UNI+Y HOSPITAL


Dr. Ankit Thakral
Director-M.B.B.S., M.S., (ENT)
E.N.T. Specialist
Neck Surgeon, Ex. Asst. Professor
CIMS Bilaspur
गले के कैंसर के प्रमुख लक्षण: आवाज में बदलाव: आवाज का भारी होना, कर्कश लगना या बोलने में कठिनाई होना जो लंबे समय तक ठीक न हो।
गले में गांठ: गर्दन या गले में कोई गांठ महसूस होना, जो धीरे-धीरे बढ़ रही हो।
निगलने में दिक्कत: खाना या पानी निगलते समय दर्द, जलन या ऐसा महसूस होना कि कुछ अटक रहा है।
लगातार खराश: गले में लगातार खराश या जलन महसूस होना, जो घरेलू उपायों से ठीक न हो।
वजन घटना: बिना किसी कारण के वजन कम होना, अक्सर खाने में परेशानी के कारण।
कान में दर्द: कान में दर्द होना, खासकर एक तरफ।
लगातार खांसी: लगातार खांसी आना, या खांसते समय खून आना (कम ही मामलों में)।
सांस लेने में परेशानी: सांस लेने में दिक्कत या आवाज (सांस लेते समय)।
मुंह में समस्या: मुंह या जीभ पर सफेद या लाल धब्बे, मुंह खोलने या जीभ हिलाने में परेशानी।


पता :
ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल परिसर,
मिशन हॉस्पिटल रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क करें- 8959644835, 7722899005
24/7 EMERGENCY SERVICES

## स्कीन कैंसर : सही समय पर जानकारी होने पर ईलाज संभव




डॉ.भव्या स्वर्णकार

भारत में देखे जाने वाले कैंसर, त्वचा कैंसर की 1-2 प्रतिशत हिस्सदारी है। भारत में त्वचा कैंसर विदेश की अपेक्षा कम पाया जाता है क्योंकि हमारी त्वचा में मेलेनिन की मात्रा अधिक है, जो धूप के नुकसान से त्वचा को बचाता है। त्वचा कैंसर कई प्रकार के होते हैं जैसे बेसल सेल कार्सिनोमा (बीसीसी), स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा (एससीसी), मेलेनोमा, सेबेशियस कार्सिनोमा, लिम्फोमा आदि। इनमें से, भारत में बीसीसी सबसे अधिक देखा जाता है। ज्यादा और लम्बी धूप लगाना, आनुवंशिकी, कुछ वायरल संक्रमण, कुछ विकिरण, और रसायन त्वचा कैंसर होने के जोखिम बढ़ते हैं। त्वचा में कोई भी असमान्य मस्सा, गांठ, लंबे समय तक ना सुखने वाला घाव, नाखुन या चमड़ी पर होने वाले काले निशान इत्यादी को बिल्कुल भी नजरंदाज ना करे और अपने त्वचा विशेषज्ञ से संपर्क करे। सही समय पर कैंसर का पता चल जाने से इसका इलाज संभव है, बीसीसी जैसे कैंसर में सर्जरी मात्रा से कैंसर को पूरी तरह खत्म किया जा सकता है, जबकी मेलेनोमा जैसे जीवन घटक कैंसर से भी निजात पाया जा सकता है।

कैंसर का उपचार-अब बिलासपुर में भी
डॉ. पुष्कल द्विवेदी
एम.डी., ई. सी.एम.ओ., एम.आर.सी.पी,
लंदन UK, मेडिकल आन्कोलॉजी
भूतपूर्व कैंसर विशेषज्ञ-रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर
टाटा कैंसर हॉस्पिटल एवं प्रीअसली खान मुम्बई से प्रशिक्षण प्राप्त
मो.: 78796-15455
कैंसर का उपचार अब आयुष्मान से भी
• डे-केयर कीमोथेरेपी
• सभी प्रकार के कैंसर सर्जरी एवं बॉयोप्सी
• सभी प्रकार के कीमोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी,
• एम्यूनोथेरेपी, कॉलपोस्कोपी
• पैलिएटिव केयर एम्यूनोथेरेपी
• कॉलपोस्कोपी
• कैंसर संबंधित दर्द का निवारण
• रक्त रोग, ब्लड कैंसर
WORLD CANCER DAY
aaRBee Institute of Medical Sciences®
Multi Speciality Super Speciality Hospital
(A Unit of Bilasa Medicals Pvt. Ltd., CIN: U85100CT2009PTC021448)
Swarnajayanti Nagar, Ring Road-2, Bilaspur (C.G.)
E-mail: drpushkal@gmail.com

## तंबाकू , सुपारी का अत्यधिक सेवन बहुत अधिक शराब कैंसर के कारण



डॉ. प्रियंका महासेठ

पेनलेस और टेंशनलेस ट्रीटमेंट की आधुनिक सुविधाओं द्वारा इलाज को प्राथमिकता दी जाती है। हमारे दांतों में ज्यादा Cavities एवं अन्य डेंटल समस्यायें होने के कुछ कारण हम हमेशा बात करते हैं, जैसे कि सही तरीके से दांतों की सफाई न करना, रात में ब्रश किए बिना सो जाना, ज्यादा मीठे एवं चिपकने वाले भोज्य पदार्थों का सेवन करना। समय-समय पर दांतों का चेकअप न करवाना। पर इन 19 वर्षों में डॉ. प्रणय एवं डॉ. प्रियंका के अनुभव में एक महत्वपूर्ण कारण जो और पाया गया है कि पेंशंट को दर्द का अनुभव एवं इलाज का भय जो कि (दाँतों का इलाज (RCT/Implant/ Teeth Removal) के दौरान होता है जिस कारण दाँतों की समस्याओं को नजरअंदाज कर उन्हें काफी बढ़ा लेते हैं। जब भयरहित और दर्द रहित अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धति द्वारा इलाज किया जाता है तब यह जानकर मरीज आगे भी अपना दांतों का इलाज कराने में लापरवाही नहीं करते हैं।

आज छोटे बच्चों के दाँतों की Problem में ज्यादा सामने आ रही है पर माता पिता को यह डर रहता है कि बच्चा इलाज नहीं करवा सकेगा और कुछ ऐसा मानते हैं कि दूध के दाँत को अभी थोड़े समय के लिए ही है , परंतु तकलीफ ज्यादा होने पर बच्चे को घर पर ही दाँतों के दर्द की दवाई दे दी जाती है जो बच्चे के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। दांतों और मसूड़ों का कैंसर (Oral/Gum Cancer) मुख्य रूप से तंबाकू (धूम्रपान या चबाना), सुपारी का अत्यधिक सेवन, और बहुत अधिक शराब पीने के कारण होता है। इसके अलावा, खराब मौखिक स्वच्छता (Oral Hygiene), HPV संक्रमण, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली और पुरानी मसूड़ों की बीमारी (Peridontitis) भी कैंसर के खतरे को बढ़ाते हैं।

**दांतों/मसूड़ों के कैंसर के मुख्य कारण और जोखिम कारक:**

**तंबाकू का सेवन:** सिगरेट, सिगार, पाइप या तंबाकू चबाना कैंसर का सबसे बड़ा कारण है, जिसमें 60 से अधिक विषैले रसायन होते हैं। **सुपारी चबाना:** भारत में आम, सुपारी चबाने से मसूड़ों की सतह पर कैंसर कोशिकाएं विकसित हो सकती हैं।

डॉ. प्रणय महासेठ एवं डॉ. प्रियंका महासेठ अपने 19 वर्षों के अनुभव से दर्दरहित, चिन्ता रहित बड़ों एवं बच्चों का इलाज कर रहे हैं और डेन्टल संबंधित सही जानकारी देने के लिए तत्पर रहते हैं।

डॉ. प्रणय महासेठ/ डॉ.प्रियंका महासेठ

विश्व कैंसर दिवस
Mahaseth's Dental
PROSTHETIC & IMPLANT CENTRE



Dr. Pranay Mahaseth
B.D.S., M.D.S., Dimplant
Dr. Priyanka Mahaseth
B.D.S., M.D.S.
आधुनिक तकनीक, अनुभवी डॉक्टर
हर मुस्कान को बेहतरीन बनाएं!
▪ इम्प्लांट द्वारा फिक्स दांत
▪ डिजिटल स्माईल डिजाईन
▪ ज़िरकोनिया के फिक्स दाँत (एक दिन में)
▪ रुट कनाल ट्रीटमेंट (सिंगल विजिट)
▪ डेंटल एक्स-रे/ओपीजी
▪ आड़े तिरछे दांतों का पंक्तिकरण क्लियर अलाइनर
▪ सिरामिक द्वारा सम्पूर्ण बत्तीसी
▪ मसूड़ों की सर्जरी (फ्लैप सर्जरी)
▪ कस्मेटिक डेंटल फिलिंग
▪ टीथ वाइटनिंग

सिटी कॉम्पलेक्स, वसंत विहार कॉलोनी के पास, सीपत रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
अपाइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 07752-323602, 9479026265

## खबर संक्षेप

### आई-किड्स जूनियर के बच्चों की शानदार प्रस्तुति



**बिलासपुर।** करबला रोड स्थित आई-किड्स जूनियर के कक्षा-2 की छात्रा यशस्वी तिवारी एवं कक्षा यूकेजी की छात्रा वेदिका गुप्ता ने बीएनआई व्यापार एवं उद्योग मेला 2026 के शुभारंभ पर सरस्वती वंदना की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छग शासन के उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला मौजूद थे। जिन्होंने दोनों बच्चों की प्रस्तुति को खूब सराहा। आई-किड्स जुनियर के इन बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया। करबला रोड स्थित आई-किड्स जुनियर हमेशा से बच्चों के शिक्षा एवं उनके चहुमुखी विकास के लिए कार्य करता रहा है एवं निरंतर प्रगति के राह पर अग्रसर है। इस संस्था में संस्कार एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष कार्य किया जाता है। संस्था के संचालक शशि माधव गुप्ता ने बताया कि शाला का वार्षिक उत्सव 14 फरवरी को होगा। जिसकी जोर-शोर से तैयारी चल रही है। शाला प्रवेश (कक्षा-नर्सरी से कक्षा-2) शुरू हो चुका है। 30 मार्च के पहले प्रवेश लेने पर विशेष रियायत दी जाएगी।

### नेहरू नगर में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कल से

**बिलासपुर।** नेहरू नगर (गांधी नगर) में 5 फरवरी से भव्य 'श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इस 7 दिवसीय धार्मिक



अनुष्ठान में भगवान श्री कृष्ण की महिमा का गुणगान किया जाएगा। स्वर्गीय गोवर्धन साहू की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को कलश यात्रा और वेदीपूजन के साथ होगा। कथा के मुख्य वक्ता पं.देवकृष्ण शर्मा होंगे। जो अपनी सुमधुर वाणी से प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से प्रभु कथा का रसपान कराएंगे। इस दौरान कृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, रुक्मणी विवाह और सुदामा चरित्र जैसे प्रसंगों का विशेष वर्णन किया जाएगा।
इस धार्मिक आयोजन का समापन 12 फरवरी को हवन, सहस्रधारा और गीता पाठ के साथ होगा। इसके मुख्य यजमान खगेंद्र साहू और संजय साहू हैं।

### अटल बिहारी वाजपेयी विवि ने दी मनीषा को पीएचडी

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा मनीषा गुप्ता को गणित विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य 'स्टडी



ऑफ रिसेंट ट्रेंड्स इन समेबिलिटी एंड एप्रोक्सिमेशन ऑफ फूरियर सीरीज इट्स अलाइड सीरीज एंड सम अदर इनफिनिट ट्रिग्नोमेट्रिक सीरीज' शीर्षक के अंतर्गत पूर्ण किया है। मनीषा ने यह शोध कार्य स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम मॉडल कॉलेज के प्रो. यूके श्रीवास्तव, प्राचार्य के निर्देशन में संपन्न किया। मनीषा राजेंद्र साव एवं कुसुम साव की सुपुत्री हैं तथा प्रमोद गुप्ता की धर्मपत्नी हैं। वे वर्तमान में शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक (गणित) के पद पर कार्यरत हैं।

### बेलगाम कार चालक ने 4 वाहनों को मारी टक्कर



**बिलासपुर।** बेलगाम कार चालक ने गाड़ी पीछे करते समय पार्किंग में खड़े कर वाहनों के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। जिससे चार बाइक स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मंगलवार को दोपहर में पुराना बस स्टैंड सिटी सेंटर के पास बेलगाम कार चालक ने पीछै करते हुए पार्किंग में खड़ी चार बाइक और स्कूटी के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी । हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है । बाइक और स्कूटी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई है ।कोतवाली टीआई देवेश राठौर ने बताया दुर्घटना की जानकारी मिली है किंतु अब तक कोई भी पीड़ित रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने नहीं आया है ।पीड़ितों के द्वारा रिपोर्ट दिखाने पर कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

---

**पचीस साल बाद बढ़ाया गया शुल्क** | **इतनी बढ़ोतरी के बाद भी केवल बीस व सौ रूपए का करना होगा भुगतान**

# जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्रों के लिए तलाशी व अनुपलब्धता शुल्क में बीस गुना बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्रों के लिए तलाशी और अनुपलब्धता प्रमाणपत्रों के लिए लिए प्राप्त किए जाने वाले शुल्क में शासन ने दस व बीस गुना बढ़ोतरी की है।

जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्रों के तलाशी शुल्क के रूप में प्रतिवर्ष के लिए दो रूपए शुल्क तय था, जिसे अब बढ़ाकर बीस रूपए किया गया है। इसी तरह अनुपलब्धता प्रमाणपत्र के लिए तय पांच रूपए की दर पर लिया जाने वाला शुल्क अब बीस गुना बढ़ाकर सौ रूपए कर दिया गया है। दोनों ही शुल्क 27 जनवरी से प्रभावशील भी हो चुके हैं।

शासन द्वारा छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु पंजीयन नियम 2001 में संशोधन किया गया है। इस संशोधन में जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए कराए जाने वाले पंजीयन की तलाशी एवं अनुपलब्धता शुल्क में बढ़ोतरी की गई है। 26 वर्षों के बाद की गई यह बढ़ोतरी वैसे तो दस से बीस गुना है, लेकिन पैसे की दृष्टि से देखा जाए तो परिजन को इसके लिए अधिकतम सौ रूपए प्रतिवर्ष की दर पर ही भुगतान करने होंगे। अब तक तलाशी शुल्क के रूप में प्रतिवर्ष के लिए दो रूपए लिए जाते थे, जिसे बढ़ाते हुए बीस रूपए प्रतिवर्ष किया गया है। इसी तरह अनुपलब्धता प्रमाणपत्र के नाम पर परिजन से पांच रूपए लिया जाता था, जिसे बीस गुना बढ़ाकर सौ रूपए किया गया है। हालांकि अनुपलब्धता प्रमाणपत्र जन्म या मृत्यु वाले वर्ष का ही दिया जाना है, जिससे यह केवल एक वर्ष का ही देय होगा।

#### क्या है तलाशी व अनुपलब्धता प्रमाणपत्र?

किसी के जन्म या मृत्यु के बाद परिजन द्वारा संबंधित रजिस्ट्रार के पास इसका विधिवत पंजीयन कराया गया है या नहीं इस बात का पता लगाने के लिए की गई कार्रवाई तलाशी कहलाती है। संबंधित के जन्म या मृत्यु का पंजीयन परिजन के द्वारा किस वर्ष कराया गया था, इसकी जानकारी नहीं होने पर लगातार विभिन्न वर्षों के दस्तावेज खंगाले जाते हैं, जिसके एवज में प्रतिवर्ष दो रूपए की दर पर शुल्क लिया जाता रहा है। इसी तरह तलाशी के दौरान जन्म या मृत्यु के पंजीयन का कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं होने पर संबंधित रजिस्ट्रार के द्वारा परिजन को पंजीयन अनुपलब्ध होने का प्रमाणपत्र जारी किया जाता है, जिसके आधार पर तहसीलदार नए सिरे से जन्म या मृत्यु का प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में रजिस्ट्रार को आदेशित करते हैं। इसके लिए शुल्क प्रतिवर्ष न होकर केवल जारी वर्ष का भुगतान योग्य होता है।

#### 27 जनवरी से प्रभावशील

जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्रों के लिए कराए जाने वाले पंजीयन की तलाशी व अनुपलब्धता प्रमाणपत्र हेतु शुल्क में बढ़ोतरी की गई है। उक्त बढ़ोतरी छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन दिनांक 27 जनवरी 2026 से प्रभावशील हो चुकी है।

-एनके नेताम,
उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

---

**विधायक ने आने वाले साल के लिए 800 सीटर आडोटोरियम की दी सौगात**

# बिलासपुर की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत कर रहा बीएनआईः अमर









हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित बीएनआई व्यापार एवं उद्योग मेले का समापन मंगलवार को हो गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

■ उद्योग मेले का समापन

इस मेले ने व्यापार, उद्योग, रोजगार, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गतिविधियों को एक मंच पर लाकर बिलासपुर को नई पहचान दी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि यह मेला केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि हर प्रकार के विकास का प्रभावी मंच बन चुका है। अन्य जिलों से बड़ी संख्या में लोगों का पहुंचना इसकी सफलता का प्रमाण है।

विधायक अमर अग्रवाल ने मेले की तुलना आधुनिक और सांस्कृतिक मेलों के संगम से करते हुए कहा कि यह आयोजन बिलासपुर की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत कर रहा है।

व्यापक रूप से इस आयोजन को आने वाले सालों में किया जाएगा। इसके लिए 800 सीटर आडोटोरियम तैयार हो जाएगा। विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि मेले की भव्यता इतनी है कि साइंस कॉलेज मैदान भी छोटा पड़ रहा है।

#### एसईसीएल सीएमडी ने की मेले की प्रशंसा

एसईसीएल के सीएमडी हरिश दुहन ने मेले की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्थानीय व्यापार, उद्योग और युवाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। मेले में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े स्टॉल, नवाचार और रोजगार के अवसर सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। श्री दुहन ने मेले में युवाओं की भागीदारी और उत्साह की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के निरंतर आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया।

#### डॉ. किरण पाल ने जताया आभार

बीएनआई अध्यक्ष डॉ. किरण पाल सिंह चावला ने सभी सहयोगियों का आभार जताया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, विशिष्ट अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन, महेंद्र जैन, प्रवीण झा, अपोलो हॉस्पिटल के सीईओ अभय कुमार गुप्ता, कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, उद्योग संघ के पूर्व अध्यक्ष शरद सक्सेना, अजित शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे, सरकंडा टीआई प्रदीप आर्य, मेला संयोजक गणेश अग्रवाल, बीएनआई अध्यक्ष डॉ किरण पाल सिंह चावला, डॉ सचिन यादव, एड प्रयास के डायरेक्टर विनोद पांडेय आदि मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट बार चुनाव, 12 पदों के लिए 62 आवेदन पत्र मान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ चुनाव में वैध नामांकन पत्रों के साथ ही अमान्य फार्म की प्रारंभिक सूची जारी कर दी गई है। चुनाव समिति द्वारा नामांकन पत्रों की जांच की गई। इसके अनुसार प्रत्याशियों के नामांकन पत्र मान्य एवं अमान्य पाए गए हैं। कुल 12 पदों के लिए 62 आवेदन पत्र मान्य किए गए हैं तो एक आवेदन निरस्त किया गया है।



■ वैध नामांकन पत्रों के साथ ही अमान्य फार्म की प्रारंभिक सूची जारी

इसके मुताबिक्र (अ) अध्यक्ष पद के लिए राजीव श्रीवास्तव, अरविंद सिन्हा, दिनेश कुमार तिवारी, अब्दुल वहाब खान, शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, रजनीश सिंह बघेल के नामांकन पत्र मान्य रहे हैं। उपाध्यक्ष (वरिष्ठ) पद के लिए मान्य नामांकन पत्र, दीपक कुमार जैन, भरत लाल सोनी, गौतम खेत्रपाल, अरविंद दुबे, महेन्द्र नाथ दुबे, शशिकांत सोनकर के रहे हैं। उपाध्यक्ष (महिला) पद के लिए सुश्री संगीता मिश्रा, मधुनिशा सिंह और रीमा दुबे के नामांकन पत्र मान्य पाए गए। सचिव पद के लिए मान्य नामांकन पत्र धीरेन्द्र कुमार पाण्डे, रविपाल महेश्वरी, वरूणेन्द्र मिश्रा, प्रवीण कुमार तुल्सयान, अनिल त्रिपाठी, संजीव कुमार साहू के रहे। इसी तरह सह सचिव पद के लिए समीर सिंह, विजय कुमार साहू ,कृपेश जी. प्रसाद केला, सह सचिव (महिला) पद के लिए मान्य नामांकन पत्र आस्था शुक्ला, लता नायक के रहे हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए मान्य नामांकन पत्रों में आशा पूरन सिंह भाटिया ,लवकुश कुमार साहू, जितेन्द्र कुमार शुक्ला, क्रीडा एवं सांस्कृतिक सचिव (वरिष्ठ) पद के लिए मान्य नामांकन पत्र ईश्वर जयसवाल, कुलेश कुमार साहू, अमन पाण्डे के पाए गए। क्रीडा एवं सांस्कृतिक सचिव (महिला) पद के लिए सुश्री प्रज्ञा पाण्डे, एम. आशा ,कविता तिवारी के फार्म सही मिले। ग्रंथालय सचिव पद के लिए राहुल कुमार मिश्रा ,कमलेश्वर प्रसाद साहू, ब्रजेश सिंह, आदित्य खरे, आशिष बेक के फ़ार्म सिलेक्ट हुए ।

#### कार्यकारिणी के लिए 18 लोगों का आवेदन

कार्यकारिणी सदस्यों के लिए बसंत कुमार कैर्वत, राम विफल राम राजवाड़े, अभिषेक पाण्डे, शरद मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, गोरे लाल उइके, त्रिवेणी शंकर साहू ,ईश्वरी घृतलहरे, संतोष कुमार पाण्डे, रेशम लाल जयसवाल, विख्यात अरोरा, अफताबुन निशा, श्रेष्ठा गुप्ता, साक्षी बाली, उज्जवल चौबे, स्वाति अग्रवाल, प्रहलाद कुमार और जयप्रकाश तिवारी के फ़ार्म मान्य किए गए। कार्यकारिणी (महिला) पद के लिए मान्य नामांकन पत्र दिप्ती तिवारी ,लक्ष्मिन कश्यप ने फ़ार्म भरा। इसमें लक्ष्मिन साहू का आवेदन अमान्य पाया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनूप मजूमदार के अनुसार आवश्यक और पर्याप्त अहर्ता नहीं होने के कारण निरस्त किया गया है।

## मार्क हास्पिटल के डाक्टर मौर्य ने इंदौर सम्मेलन में किया शोध प्रस्तुत



**बिलासपुर।** मार्क अस्पताल के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. कमलेश कुमार मौर्य ने इंदौर में आयोजित यू रो लॉ जि क ल सोसाइटी ऑफ इंडिया के वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में देश-भर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लिया। डॉ. मौर्य ने सम्मेलन में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा एक वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता भी की। उनके शोध को विशेषज्ञों ने खूब सराहा। डॉ. मौर्य लगातार अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में नियमित भागीदारी करते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मार्क अस्पताल, छत्तीसगढ़ का एकमात्र अस्पताल है जिसे नेशनल बोर्ड ऑफ एग्ज़ामिनेशन से एमएस के बाद सर्जनों को यूरोलॉजी में प्रशिक्षण देने की मान्यता प्राप्त है। मार्क अस्पताल एक मल्टी-स्पेशियलिटी संस्थान है, जहां विशेष रूप से यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी एवं न्यूरोलॉजी सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। डॉ. मौर्य की इस उपलब्धि से न केवल मार्क अस्पताल बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।

## राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह 7 को

**बिलासपुर।** बिलासपुर सेवा समिति के तत्वावधान में 25 दिसंबर 2025 को आयोजित राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का प्रतिभा सम्मान समारोह 7 फरवरी को रोटरी क्लब सीएमडी चौक में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य काशी राम कैवर्त ने बताया यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा।

उन्होंने बताया कि बिलासा सेवा समिति बिलासपुर के तत्वावधान में मछुआरा समुदाय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 25 दिसंबर को 2025 को सफलता पूर्वक आयोजित किया गया था। इसमें मछुआरा समाज के समस्त अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष, समाज प्रमुख, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाज के सभी लोगों का सहयोग रहा। प्रतियोगिता का सम्मान समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों में काफी उत्साह है। पुरस्कार पाने वाले छात्राओं को कार्यक्रम की सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। आयोजन समिति द्वारा इस तरह की प्रतियोगिता समाज के युवाओं के लिए समय-समय पर आयोजित कर उनका उत्साह बढ़ाया जाता है। समिति का प्रयास है कि अधिक से अधिक युवाओं को प्रतियोगी परीक्षााओं के लिए तैयार कर उन्हें देश की प्रशासनिक सेवा में आगे लाया है। इसके लिए संगठन पूरी एकजुटता के साथ काम कर रहा है।

### गुम हुए 100 मोबाइल मालिकों को लौटाए



**बिलासपुर।** आपकी एक आस, आपकी अमानत आपके पास के संदेश के साथ बिलासपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अर्पण अभियान के तहत एक बार फिर आम लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। अभियान के दौरान जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से गुम हुए 100 मोबाइल फोन को खोजकर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपा गया। सीएसपी निमितेष सिंह ने बताया कि मोबाइल गुम होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसीसीयू और जिले के सभी थानों द्वारा तकनीकी जांच के आधार पर विशेष खोज अभियान चलाया गया। इस दौरान बीते एक माह में न सिर्फ शहर बल्कि जिले से सटे अन्य जिलों से भी मोबाइल बरामद किए गए। कई मोबाइल राज्य के दूरस्थ जिलों और अन्य प्रदेशों में सक्रिय पाए गए हैं, जिनकी बरामदगी के लिए अलग अभियान लगातार जारी है। मोबाइल वितरण कार्यक्रम में करीब 160 लोग उपस्थित रहे, जिन्हें उनके गुम हुए मोबाइल वापस सौंपे गए। मोबाइल पाकर लोगों ने राहत की सांस ली। कार्यक्रम के दौरान एएसपी पंकज पटेल, रामगोपाल करियारे, सीएसपी निमितेश सिंह, एसीसीयू प्रभारी हेमंत आदित्य तथा सायबर एक्सपर्ट एसआइ प्रभाकर तिवारी मौजूद रहे।

---

# विश्व कैंसर दिवस

श्री महावीराय नमः
श्री मंगला हॉस्पिटल ट्रामा & न्यूरो केयर
कैंसर के मरीजों के लिए निःशुल्क ओपीडी
आयुष्मान कार्ड द्वारा कैंसर संबंधित मरीजों के लिए निःशुल्क कीमोथेरेपी एवं मेडिसीन की सुविधा श्री मंगला हॉस्पिटल में उपलब्ध है
परामर्श एवं सुविधाएं
पुरूषो में प्रोस्टेट की समस्याएं
किडनी, यूरेटर एवं पेशाब की थैली में पथरी का आपरेशन, दूरबीन के द्वारा
महिलाओं एवं बच्चों में पेशाब से संबंधित समस्त समस्याओं का ईलाज
गुर्दे में खराबी एवं रूकावट
गुर्दे, पेशाब की थैली एवं प्रोस्टेट कैंसर से संबंधित समस्याएं।
स्मार्ट कार्ड एवं आयुष्मान भारत योजना
उपलब्ध सुविधाएँ:
कान से मवाद, पानी आना
कान में खुजली, भारीपन एवं कान के परदे का ईलाज
टॉन्सिल, थायराइड, पैरोटिड क सुजान का पूरा इलाज एवं सर्जरी की सुविधा
सीटी बजने की अवाज आना व अन्य कान संबंधित बिमारी का जाँच एवं उपचार
नाक से खून आना
नाक की हड्डी का टेढ़ापन, सुजन एवं नाक में मस्सा
स्वास्थ्य ओ.पी.डी. हेतु
अधिक जानकारी व पंजीयन हेतु संपर्क करें-
9111903431
9329361962
नेहरू नगर, मेन रोड, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
श्री मंगला हॉस्पिटल

#### कैंसर की जंग जीतने में मदद करती हैं कीमोथैरेपी

यह कैंसर के फैलाव और दोबारा लौटने की संभावना कम करती है। यह ट्यूमर को छोटा करके सर्जरी को आसान बनाती है। यह कैंसर से जुड़े लक्षणों को नियंत्रित कर आराम पहुंचाती है। यह शरीर में मौजुद कैंसर कोशिकाओं की संख्या को घटाती है।



डॉ धीरेंद्र चंद्राकर
डॉयरेक्टर श्री मंगला हॉस्पिटल

#### समय पर जांच से उपचार संभव



डॉ. शशिकांत साहू

कैंसर एक गंभीर बीमारी है जिसमें शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर बढ़ने लगती हैं और आस-पास के ऊतकों को नष्ट कर देती हैं। यह शरीर में कहीं भी शुरु हो सकता है और दूसरे अंगों में फैल (मेटास्टेसिस) सकता है। इसके प्रमुख कारणों में धूम्रपान, खराब जीवनशैली, आनुवंशिक उत्परिवर्तन, और रेडिएशन शामिल हैं। समय पर जांच से इसका प्रभावी उपचार संभव है। कैंसर की विस्तृत जानकारी: क्या होता है? कैंसर असामान्य कोशिकाओं का समूह है जो ट्यूमर बनाते हैं। यह दो प्रकार के हो सकते हैं- सौम्य (नहीं फैलते). और घातक (आसपास फैलते हैं)।
**प्रमुख लक्षण:-** अचानक और अनपेक्षित वजन कम होना। लगातार रहने वाला बुखार और थकान जो आराम करने से ठीक न हो। शरीर में कहीं भी गांठ या सूजन का होना। त्वचा में बदलाव, घाव जो ठीक न हो, या लगातार खांसी। मल/मूत्र में खून आना या असामान्य रक्तस्त्रव।
**कारण और जोखिम कारक:** धूम्रपान और तंबाकू: कैंसर का सबसे बड़ा कारण। आनुवांशिक कारण: जीन में बदलाव (Mutation)।

बिलासपुर अंचल का एकमात्र जले हुए मरीजों के ईलाज का अस्पताल
B.T.R.C.
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल


डॉ. शशिकांत साहू
कॉस्मेटिक, प्लास्टिक एवं बर्न सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी)
एम.सी.एच. (प्लास्टिक सर्जरी)
• बर्न • स्पाईन सर्जरी
• न्यूरो सर्जरी • मूत्र रोग
• मोटापा • डायबिटीज
• हड्डी रोगों • जनरल सर्जरी
• न्यूरो सर्जरी • शिशु रोग
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, गुर्दे की पथरी का दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन
24 घंटे आपातकालीन सुविधा उपलब्ध
• कैंसर रोग
• मेडिसीन
• एक्सीडेंट
• प्लास्टिक सर्जरी
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• बाल प्रत्यारोपण
• कान-नाक व गला
मैग्नेटो मॉल के सामने, वैशाली नगर चौक, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर
फोन: 07752-412837, मो. 07747015927, 07747015926

## खबर संक्षेप

### रीना बनीं भाजपा अजा मोर्चा की जिला मंत्री



**जयरामनगर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन में भाजपा बिलासपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोहित जयसवाल की अनुशंसा पर अनुसूचित जाति मोर्चा जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें मस्तूरी से भनेशर निवासी रीना खांडेकर को जिला मंत्री का पदभार दिया गया।

### भाजपा सोशल मीडिया संयोजक देवेश, राहुल बने सदस्य



**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने सोशल मिडिया सेल का पदाधिकारियों की नियुक्ति की है, जिसमें सोशल मिडिया के जिला संयोजक देवेश खत्री ने सोशल मिडिया कार्य समिति सदस्य के रूप में राहुल तिवारी को नियुक्ति किया गया है।

### रायल क्लब की कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**तखतपुर।** रायल क्लब मौहाभाठा के द्वारा 4 से 6 फरवरी तक राज्य स्तरीय तीन दिवसीय पुरूष एवं महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एंट्री फीस 301 रूपए निर्धारित की गई है। आयोजन में हिमांशु पाण्डेय, हेमंत साहू, चंद्रेश साहू, पिल्लूराम साहू, परमेश पटेल सहित अन्य जुटे हुए हैं।

### प्राथमिक शाला लगरा में पालक शिक्षक बैठक



**लगरा।** प्राथमिक शाला में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम समीक्षा हेतु पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही आगामी मातृ पितृ पूजन दिवस हेतु बच्चों को शिक्षा दी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक रुक्मणी यादव, विद्या जायसवाल, आस्था गौरहा अजरा तबस्सुम शारदा श्रीवास पायल गुप्ता सहित शाला परिवार के सभी सदस्य शाला विकास समिति के सदस्य, पालक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए दावा आपत्ति 12 तक

**तखतपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र मोछ-3 में कार्यकर्ता एवं समडील-1 में सहायिका के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 12 फरवरी तक मंगाए गए हैं। इच्छुक आवेदिका एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में 12 फरवरी तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकती हैं।

## निधन

### रेखा कटकवार



**बिलासपुर।** कटकवार गली टिकरापारा निवासी रेखा कटकवार का 3 फरवरी को निधन हो गया। वे 89 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 4 फरवरी को सुबह 10 बजे मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. कौशल प्रसाद कटकवार की पत्नि एवं आलोक कटकवार तथा प्रकाश कटकवार की माता थीं।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजपुर में वितरित की गई सायकिलें

# सरकार बच्चों का भविष्य संवारने का कर रही प्रयासः धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तखतपुर विकासखंड स्थित राजपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार 3 फरवरी को क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह के मुख्य आतिथ्य में सायकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, साथ ही खेलकूद में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए।

स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं, आने वाला समय इन बच्चों का ही है, इसे देखते हुए सरकार स्कूली बच्चों का भविष्य संवारने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के साथ सभी क्षेत्रों में आगे रहने का आह्वान किया, साथ ही स्कूली बच्चों से विधानसभा का भ्रमण कराने की बात कही। श्री सिंह ने क्षेत्र के मोछ, गनियारी सहित अनेक गांवों के हायर सेकेंडरी स्कूल भवन के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराने की जानकारी देते हुए कहा कि वे राजपुर हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, लैब, स्कूल परिसर में शेड बनवाने सहित अन्य निर्माण कार्य स्वीकृत कराने का पूरा प्रयास करेंगे। श्री सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं की प्रशंसा की साथ ही छात्राओं को सायकिल वितरित कर शुभकामनाएं दीं। इसके पूर्व कार्यक्रम का आरंभ विधायक सिंह द्वारा मां सरस्वती के पूजन से हुआ। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक डीपी पटेल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष डीआर कर्ष, राजपुर पंचायत के सरपंच राजू खांडे के अलावा लक्ष्मीनारायण यादव, सोनू कुर्रे, विश्राम साहू, यूआर कर्ष, व्याख्याता जेआर भारद्वाज, आर जगत, आर साहू, आर सोनवानी, श्रीमती मृदुला बाजपेयी, श्रीमती नीतू सिंह सहित ग्राम पंचायत राजपुर के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र छात्राएं शामिल थे।




सायकल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित विधायक धर्मजीत सिंह।

### प्राचार्य ने दिया स्वागत भाषण

संस्था की प्रायार्य श्रीमती कविता त्रिवेदी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं व शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों की सराहना की, साथ ही क्षेत्रीय विधायक श्री सिंह को स्कूल की उपलब्धियों व समस्याओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष डीआर कर्ष ने श्री सिंह के कार्यों की प्रशंसा करते हुए स्कूल के उन्नयन की मांग की। कार्यक्रम के अंत में शाला विकास समिति के सदस्यों व पंचायत पदाधिकारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने व खेलकूद में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सीआर कर्माकर ने किया।



# पूर्व विस अध्यक्ष धरमलाल का मनाया गया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। दिन की शुरुआत श्री कौशिक ने सुबह 8 बजे मां महामाया देवी रतनपुर जाकर पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में सुबह 11 बजे तिफरा, सिरगिटटी, पथरिया एवं सरगांव एवं बिल्हा में सभी कार्य कर्ताओं के साथ मिलकर उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर रविन्द्र पाटनवार, सांगर बंजारे, संदीप वर्मा, देव साहू, संतोष कश्यप, विजय श्रीवास, राम कुमार कौशिक, भृगु अवस्थी, इंद्रजीत क्षत्रीय, लव कौशिक, मोनू यादव, तामेश कौशिक, जितेन्द्र निर्णेजक, रितेश, आयुष कौशिक, आदि मौजूद थे।



## शुक्ल कॉलेज के एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**सीपत।** मदनलाल शुक्ल कॉलेज की रासेयो इकाई की ओर से आयोजित सात दिवसीय रासेयो विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत आश्रित ग्राम ठरकपुर में सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच हुआ। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, स्वास्थ्य और विशेष रूप से नशामुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच चंद्रभूषण कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि, युवाओं की ऊर्जा जब समाजहित में लगती है, तो बदलाव निश्चित होता है। शिविर संरक्षक एवं प्राचार्य राजीव शंकर खेर के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ रघुनंदन पटेल ने की। कार्यक्रम अधिकारी शत्रुघ्न घृतलहरे हैं। ने कहा कि, यह विशेष शिविर केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का अभियान है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में रामगोपाल जायसवाल प्रधानपाठक, नन्द कुमार साहू प्रधानपाठक, शंकर सिंह टेकाम पंच, सुरेंद्र पटेल, एसके सिंह, डॉ रामप्रसाद चंद्रा सहायक प्राध्यापक, भूपेंद्र देवांगन सहायक प्राध्यापक सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में ताइक्वांडो क्लब का शानदार प्रदर्शन



**सीपत।** बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय गोल्ड कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप में डिफेंस ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में क्लब के खिलाड़ियों ने कुल 27 पदक जीतकर जिले और अपने क्लब का नाम गौरवान्वित किया।

- 27 खिलाड़ियों ने मेडल जीत कर रचा इतिहास

प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, लेकिन डिफेंस ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों ने अनुशासन, तकनीक और आत्मविश्वास के दम पर मुकाबलों में अपना दबदबा बनाए रखा। निशा खांडे, रिया भट्टाचार्य, शिवांगी सिंह, कुमुद पटेल, मनवी पटेल, रोहन प्रकाश, वैभव, आरिफ अहमद, मनवेद, धनेश, आर्यन और श्रीकृति गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं रियांश, तमन्ना और हर्ष ने बेहतरीन संघर्ष करते हुए रजत पदक हासिल किया। अनय, राही पटेल, सत्विक वास्त्रकार, पिनाल सिंह, वैष्णवी चंद्रा, मानशा वर्मा, पंखुड़ी तिवारी, तनु पटेल, आदित्य, वंशिका साहू और आयन सिंह ने कांस्य जीतकर क्लब की उपलब्धियों में इजाफा किया। इसके अतिरिक्त भावेश प्रकाश, आयांश प्रताप, ख्वाहिश पत्रे और प्रिंस चंद्रा ने भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों और प्रशिक्षकों की सराहना बटोरी। डिफेंस ताइक्वांडो क्लब के संचालक एवं कोच सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि, यह जीत सिर्फ मेडल की नहीं, बल्कि हमारे खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास की जीत है। हमने हमेशा तकनीक के साथ मानसिक मजबूती पर भी ध्यान दिया है। आने वाले समय में हम राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहराने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

## बदरा में शिव महापुराण कथा का शुभारंभ



**बिलासपुर।** मुंगेली जिले के ग्राम बदरा में शिव महापुराण कथा के शुभारंभ के साथ ही पूरे गांव में भक्ति, आस्था और सामूहिक चेतना की नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। आठ दिवसीय इस धार्मिक आयोजन का विधिवत शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ हुआ।

राम गुड़ी से प्रारंभ हुई कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग हाथों में कलश लिए भजन-कीर्तन करते हुए राम सागर तालाब पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पवित्र जल को कलशों में भरकर पूरे विधि-विधान के साथ कथा स्थल तक यात्रा पूरी की। धार्मिक अनुष्ठानों का विधिवत संचालन कथा के आचार्य देवेंद्र पांडे द्वारा किया जा रहा है। उनके साथ चंद्र प्रकाश पांडे एवं राहुल तिवारी पूजन-अर्चन, कलश स्थापना और अन्य वैदिक कर्मकांडों को श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ संपन्न करा रहे हैं। यह आयोजन जय शनिदेव युवा समिति द्वारा लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष शिव महापुराण कथा के मुख्य वाचक जांजगीर-चांपा जिले के पुटपुरा निवासी पंडित राधेश्याम शास्त्री हैं। पहले दिन उन्होंने शिव महापुराण की महात्म्य कथा का सजीव वर्णन किया। कथा का समापन 9 फ़रवरी को किया जाएगा।

# चाकू से गोद कर युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

**जरहागांव।** जरहागांव थाना क्षेत्र के फरहदा में पुरानी रंजिश को लेकर 19 वर्षीय युवक की चाकू से गोद कर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 वर्षीय कोमल साहू पिता चिंता राम साहू की दो लोगों मिलकर हत्या कर दी।




पकड़े गए आरोपी।

वारदात गांव खरबोरा तालाब के पास की है, जहां कोमल साहू कुछ काम से तालाब गए हुए थे। उसी दौरान हरिओम कश्यप निवासी जरहागांव एवं जयपाल उर्फ परमेश्वर साहू निवासी फरहदा ने हत्या की नीयत से उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार 2 महीने पहले कोमल के साथ दोनों का विवाद हुआ था, जिसके चलते जयपाल ने जरहागांव से हितेश कश्यप को बुलाया था, ताकि उससे बदला ले सके। घटना के दौरान मृतक कोमल के साथ उसका दोस्त अर्जुन भी था, जिस पर आरोपियों ने पहले ही चाकू से हमला कर घायल कर दिया था। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को, जिस पर पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची एवं कोमल को जिला अस्पताल भेजा गया जहां, उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 102(1) बीएनएस के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर हिरासत में ले लिया।

### की जा रही कार्रवाई

फरहदा निवासी कोमल साहू पर चाकू से हमला किया गया, उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां साहू की मृत्यु हो गई। हत्या के दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**- सत्येंद्र पूरी गोस्वामी,** थाना प्रभारी, जरहागांव।

## चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** दुपहिया वाहन चोरी कर फर्राटे मार रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी विवेक पाण्डेय ने बताया कि, अखिलेश कोसले पिता कालीचरण कोसले उम्र 34 वर्ष निवासी जोगपारा मोछ की दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 एएच 5614 को अज्ञात चोर ने 7 जनवरी को चोरी कर ली थी। मामले की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर दिपावली पटेल पिता फुलसिंह उम्र 27 साल निवासी सेमरचुवा थाना जरहागांव को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने जुर्म स्वीकार कर लिया। इस पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**बोदरी।** ग्राम पंचायत पासीद में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 'मोर गांव मोर पानी' महाअभियान के अंतर्गत जल संरक्षण को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जल के महत्व से अवगत कराना एवं पानी बचाने के व्यावहारिक तरीकों की जानकारी देना रहा। इस अवसर पर जनपद पंचायत बिल्हा के पीओ महेंद्र भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शासन की जल संरक्षण योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अपील की कि, वे जल का सदुपयोग करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखें। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश से आए जल विशेषज्ञ नीरज वानखडे ने भी सहभागिता की। उन्होंने वर्षा जल संचयन, खेत तालाब, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग एवं पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण जैसे विषयों पर सरल एवं प्रभावी तरीके से जानकारी दी। साथ ही जल संरक्षण के सफल उदाहरण प्रस्तुत कर ग्रामीणों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को जल बचाने के व्यावहारिक उपायों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया गया, जिससे लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने अभियान की सराहना करते हुए जल संरक्षण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मुंगेली (ग्रामीण) तहसील- मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

//सूचना//

प्रति,
1. श्री अनुविभागीय अधिकारी (रा.रा.)
2. श्री विभाषचन्द्र पि. दिनेशचन्द्र
3. श्री आशुतोष पि. दिनेशचन्द्र
4. श्री अनुभा पि. दिनेशचन्द्र
5. श्री आभा पि. दिनेशचन्द्र

विषयः- स्थल सीमांकन/मौका जांच में उपस्थिति बाबत्।

संदर्भः- न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली के आदेश क्रमांक क्र./ Q/तह./वा 02/2025 दि. 19.09.25

आपको सूचना दी जाती है, कि आवेदक विभाषचन्द्र पि. दिनेशचन्द्र की भूमि ग्राम बाघामुड़ा प.ह.नं. 24 तहसील मुंगेली के ख. नं. 99/4 रकबा 1.618 हे. का स्थल सीमांकन/मौका जांच दिनांक 05.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी अपनी भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्थल पर उपस्थित रहे एवं स्थल के आसपास के व्यक्तियों को भी सूचित करें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपकी मौन सहमति मान कर सीमांकन/मौका जांच कार्य पूर्ण किया जाएगा।

टीपः- आवेदक जरीब/टेप खींचने हेतु 2 मजदूर की व्यवस्था स्वयं करेगा।

प्रतिलिपिः- पटवारी श्री प्रशांत शर्मा प.ह.नं. 24 को सूचनार्थ। आप संबंधित ग्राम के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित स्थल पर उपस्थित रहें।

राजस्व निरीक्षक
मुंगेली

---

**आम सूचना**

मैं शपथकर्ता भुनेश्वरी उम्र 29 साल पिता लखन जाति तेली निवासी परसाकापा तहसील पथरिया जिला मुंगेली छत्तीसगढ़ की निवासी हूं जो निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूं।

1 यह कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज मार्कशीट आदि में मेरा नाम भुनेश्वरी तथा जन्मतिथि 07.09.1996 है जो कि सही एवं सत्य है।

2 यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड संख्या 293852988270 है जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश भुवनेश्वरी साहू तथा जन्म दिनांक त्रुटि पूर्ण 01.01.1996 है जो कि त्रुटि पूर्ण है जिससे परेशानी होती है।

3 यह कि आधार कार्ड में नाम तथा जन्म दिनांक त्रुटि पूर्ण होने से परेशानी होती है इसलिए मेरे उक्त आधार में त्रुटिपूर्ण नाम भुवनेश्वरी साहू तथा जन्म दिनांक 01.01.1996 को विलोपित कर मार्कशीट अनुसार भुनेश्वरी जन्म दिनांक 07.09.1996 किया जाए। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित करती हूं।

शपथकर्ता
भुनेश्वरी साहू

---

**आम सूचना**

मौजा जूना बिलासपुर, प.ह.न. 22/36, रा.नि.म. जूना बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, अंतर्गत नगर पालिका निगम बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. क्षेत्रांतर्गत स्थित आबादी भूमि ख.न. 12 में से क्षेत्रफल 434.5 वर्गफुट भूमि है जिसे रामझरोखा पिता श्यामलाल निवासी सोनपुरी जिला बिलासपुर छ.ग. वाले के द्वारा गेंदराम पिता रामाधीन साव निवासी जूना बिलासपुर बिलासपुर छ.ग. के पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 11/11/1970, पंजीयन कमांक 25364 पंजीयन कार्यालय बिलासपुर छ.ग. के माध्यम से विक्रय किया गया है। उक्त भूमि आपसी परिवारिक बंटवारे में सत्यनारायण देवांगन पिता स्व. गेंदराम देवांगन को प्राप्त हुआ था, जिसे सत्यनारायण देवांगन पिता स्व. गेंदराम देवांगन के द्वारा श्रीमती चंद्रिका सोनी पति श्री वेद कुमार सोनी को विकय किया गया था। श्रीमती चंद्रिका सोनी द्वारा उक्त भूमि को श्री संतोष देवांगन पिता श्री लल्लू राम देवांगन निवासी कुंदरूबाडी संत रविदास नगर चौक बिलासपुर वाले को विक्रय किया गया हैं। वर्तमान में उक्त भूमि पर श्री संतोष देवांगन का मालिकाना हक व कब्जा है। उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति श्री संतोष देवांगन के पास है। श्री संतोष देवांगन द्वारा उक्त भूमि को बंधक कर आदित्य बिरला एच.एफ.एल. शाखा व्यापार विहार बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. से ऋण लिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, वित्तिय संस्थान, बैंक, समिति को कोई आपत्ति हो तो अविलंब दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधी पश्चात आपत्ति अमान्य होगा।
सो सूचना जानें।
दिनांक 03/02/2025

भवदीय
M.L. YADAV
Advocate
MIG-2/14, Narmada Nagar
BILASPUR (C.G.)
Mob. 9300325314

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनान्तर्गत मंगला बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-89, मूल आबंटी श्री दिनेश शुक्ला, पिता श्री मनीराम शुक्ला के नाम पर आबंटित है। जो कि प्रथम क्रेता श्रीमती प्रियाशेखर के नाम पर नामांतरित है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती गुलाबा बाई देवांगन को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-बिलासपुर

---

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/ /तह./वा./20
दिनांक-28/01/2026
रा.प्र.क्र./ब-121/2025-26
ग्राम-चाँटीडीह

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम चाँटीडीह प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सोनम साहू पिता/पति स्व.मनीष साहू निवासी ग्राम चाँटीडीह के द्वारा मृतक अपने दादा ससुर शिव प्रसाद साहू की मृत्यु दिनांक 05/04/1992 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 20-02-26 को 11.00 बजे दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/1/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**आम सूचना**

मैं मेरे पक्षकार दीपक चौबे वल्द स्व. रामस्नेही चौबे आयु 20 वर्ष निवासी सहकारी कॉलोनी, आमघाट, गांधी पार्क गांजीपुर, तहसील व जिला गांजीपुर (उ.प्र.) के सहमति एवं निर्देशानुसार निम्नानुसार दैनिक समाचार पत्र बिलासपुर संस्करण में निम्नानुसार आम सूचना प्रकाशित करता हूं :-

यह कि खसरा नंबर 37 रकबा 2.0550 हे. खसरा नंबर 282 रकबा 0.1700 हे. कुल रकबा 2.2250 हे. कृषि भूमि ग्राम दर्राभाठा वर्तमान हल्का नंबर 56. रा.नि.म. सीपत, तहसील सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित है जो कि वादभूमि है एवं न्यायालय में मामला विचाराधीन है। उपरोक्त वादभूमि के पूर्व में वासूदेव ब्रम्हचारी उर्फ ब्रम्हभिक्षु गुरू श्री स्वामी के नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज होकर काबिज कास्त थे। स्वामी वासुदेव ब्रम्हचारी के फौत होने के पश्चात में मेरे पक्षकारगण वर्तमान में काबिज होकर कृषि कार्य कर रहे है।

यह कि वादभूमि को रामबचन चौबे व अन्य ने मेरे पक्षकारों के पीठ-पीछे न्यायालय तहसीलदार सीपत के समक्ष गलत जानकारी देते हुए आदेश पारित करवा लिये है, जबकि उक्त वाद भूमि को पूर्व भूमि स्वामी वासुदेव ब्रम्हचारी उर्फ ब्रम्हचारी गुरू द्वारा मेरे पक्षकारों के पिता स्व. रामस्नेही चौबे वल्द स्व. जयबहादूर चौबे के पक्ष में इच्छापत्र दिनांक 12.06.2000 को निष्पादित किया गया है।

यह कि तथाकथित राजस्व न्यायालय तहसीलदार सीपत के आदेशानुसार राजस्व रिकार्ड में वादभूमि का नामांतरण रामवचन चौबे आत्मज स्व. जय बहादूर चौबे निवासी-शिखा वाटिका के पास मधुबन रोड नारियल कोठी दयालबंद तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) वगैरह के नाम दर्ज है, जिसे तथाकथित वर्तमान भूमि स्वामी बिक्री करने को प्रयासरत है।

अतः आम जन को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादभूमि को किसी भी प्रकार के रहन-गहन एवं खरीदी-बिकी ना करे। यदि उपरोक्त वादभूमि को रहन-गहन एवं खरीदी-बिक्री करते है, तो स्वयं जवाबदार होगें। सो सूचना जाने।
दिनांक -29.01.2026

भवदीय
ए.के. नायक
(अधिवक्ता)
छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय
कार्यालय/निवास - टी-92, चन्देला नगर, रिंग रोड, नं-02, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9425219167

---

**न्यायालय श्रीमान पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

राकेश सखूजा व एक अन्य.........वादीगण
//विरूद्ध //
श्रीमती रंजू चौहान (मृत) वगैरह...प्रतिवादीगण

व्य.वा.प्र.क. 339-अ/2025
पेशी ता.- 19.02.2026
आदेश दिनांक - 16.01.2026
प्रोसेस क. - 20

**समंस**

अरूण चौहान पिता नामालूम निवासी-जबड़ापारा सरकंडा बिलासपुर, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग..................प्रतिवादी

वादी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध एक वाद वास्ते कब्जा, अवैध मलमा हटाये जाने, मध्यवर्ती लाभ प्राप्त किये जाने बाबत पेश किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 19.02.2026 को नियत है। प्रतिवादी अरूण चौहान को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस / ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 19.02.2026 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 19.02.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 02/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक- 02/02/2026
स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)

(प्रणव वैद्य)
पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल जूना बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क/क/रा.नि./2026, जूना बिलासपुर,
दिनांक : 19/01/2026

प्रति,
(1) सूरज पारचे (2) सुदेश (3) सुभाष (4) संतोष (5) दुलौरिन (6) सुनील अन्य सर्व संबंधित हितबद्ध पक्षकार। (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)

विषयः सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भः न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क/क/तह./वाचक/2026 बिलासपुर दिनांक 15/01/26

आवेदक सूरज पारचे निवासी कस्तूरबा नगर द्वारा ग्राम जरहाभाठा प.ह.नं.38, रा.नि.मं. जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित खसरा नंबर 45/13, रकबा 0.0135 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 06/02/26 को समय 11am से 5pm बजे किया जाएगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय श्रीमान प्रथम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**समंत/नोटिस**

आदेश दिनांक-23.01.2026 प्रकरण क्रमांक (ए) 64/2019 पेशी तारीख-06.03.2026 प्रोसेस नंबर 62
श्रीमती गोदावरी यादव..... वगैरह वादिनीगण
//बनाम//
देवाली प्रसाद यादव वगैरह..... प्रतिवादीगण

प्रति,

2(स) कुमारी कविता यादव, उम्र 32 साल पिता स्व. चमरूराम यादव, पति स्व. गजाधर उर्फ गजेन्द्र यादव 2(द) लक्की यादव उम्र लगभग 10 वर्ष पिता स्व. गजाधर उर्फ गजेन्द्र यादव 2(इ) कु0 प्रिया उम्र लगभग 12 वर्ष पिता स्व. गजाधर उर्फ गजेन्द्र यादव क्रमांक द से इ नाबालिग वली मां कविता यादव बेवा स्व. गजाधर उर्फ गजेन्द्र यादव, क स से इ. सभी निवासी झोपडा पारा के दैहानपारा शमशान स्थल के पास बिलासपुर तह.व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

चूंकि इस न्यायालय में वादीगण के द्वारा एक व्यवहार वाद पेश किया गया है जिससे उपरोक्त क्रमानुसार आप प्रतिवादीगण के रूप में संयोजित किये गये हो उक्त व्यवहार वाद की सुनवाई दिनांक 06.03.2026 को इस न्यायालय में नियत होकर लंबित है जिसमें आप लोगों की उपस्थिति अनिवार्य है। इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से समंस का प्रकाशन कर ताकीद दी जाती है कि उक्त नियत श्रवण तिथि में स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के साथ जिसे सम्यक अनुदेश दिया गया हो मय अपने पक्ष के दस्तावेजों के साथ अपना जवाब/आपत्ति पेश कर सकते है। यदि उक्त नियत पेशी तारीख में गैरहाजिरी रहते है तो उक्त प्रकरण का निराकरण आपकी गैरहाजिरी में एक पक्षीय रूप से किया जावेगा एवं बाद की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

यदि किसी कारणवश पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है अथवा शासकीय अवकाश सुनवाई तारीख को घोषित हो जाता है तो प्रकरण का निराकरण अगले कार्य दिवस में किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 02/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील (मुहर) लगाकर जारी किया गया।

स्थान - बिलासपुर (छ.ग.) दिनांक - 02/02/2026

(शैलेष कुमार केतारप)
प्रथम जिला न्यायधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय माननीय तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश बिलासपुर छ. ग.**

**समंत/नोटिस**

अपील प्र.क्र.-अ/21/2024 पेशी तारीख- 06.03.2026 आदेश दिनाक 9-1-26 प्रोसेस नंबर 27
सीमा शर्मा........ अपीलार्थी।
बनाम रमेश चन्द्र दुबे एवं अन्य...... उत्तरवादीगण

प्रति,

श्री चन्द्रचूर्ण त्रिपाठी पिता दिनेश त्रिपाठी जाति ब्राम्हण उम्र 37 साल निवासी मकान नंबर ए/एस 82 अज्ञेय नगर बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग.

चूंकि अपीलार्थिनी के द्वारा इस न्यायालय में एक अपील अधीनस्थ न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 तखतपुर जिला बिलासपुर छ. ग. के द्वारा व्यवहार वाद क्रमांक 62-ए/2015 से पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 18/1/2024 के विरुद्ध पेश की है जिसमें आप उत्तरवादी क्रमांक 22 के रूप में उल्लेखित किया गया है।

उक्त अपील प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.03.2026 को नियत की गयी है जिसमे आपकी उपस्थिति अनिवार्य है, नियत तिथि में स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के साथ जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो अपने पक्ष के समर्थन में मय दस्तावेज के उपस्थिति होकर अपनी आपत्ति/जवाब पेश कर सकते हो यदि नियत पेशी दिनांक 06.03.2026 को इस न्यायालय में अनुपस्थित रहते है तो उक्त अपील प्रकरण का निराकरण आपकी गैरहाजिरी में किया जावेगा तथा बाद में की गयी किसी भी दावा आपत्ति को मान्य नहीं किया जावेगा।

यदि किन्ही कारणो से पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है या शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है तो उक्त अपील प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी।

अतः मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील (मुहर) लगाकर आज दिनांक 28/1/2026 को जारी किया गया।

स्थान - बिलासपुर दिनांक - 28/01/2026

(श्रीमती किरण त्रिपाठी)
तृतीय जिला न्यायधीश
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// नोटिस //**

व्य.वाद क्र. -371-अ/2025
आदेश दिनांक - 23.01.2026
पेशी दिनांक -02.03.2026
प्रो.नंबर -21

संजीव यादव बनाम छ.ग.शासन वगैरह
बनाम:- आम जनता, जिसका इससे संबंध हो।


वादी के द्वारा इस माननीय न्यायालय में अपने पिता रामगोपाल यादव पिता नोहरी यादव उम्र 70 वर्ष जो कि 14 वर्ष पूर्व घर से निकल कर कहीं चले गये हैं, अर्थात लापता हो गये हैं, इतनी लम्बी अवधि में उनका पता नहीं चलने के कारण उनकी मृत्यु की घोषणा किये जाने बाबत उक्त दावा पेश किया है, जो दिनांक 02.03.2026 को इस न्यायालय में सुनवाई हेतु लंबित है। उक्त संबंध में किसी भी आम जनता को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 02.03.26 को न्यायालय में स्वयं या प्लीडर के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति /जवाब एवं दस्तावेज पेश करें। आपकी उक्त तिथि को अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय रूप से किया जायेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अवकाश पर चले जाते हैं तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में किया जावेगा।

अतः मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 02/02/26 को जारी किया गया।

(प्रणव वैद्य)
पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## कार्यक्रम

# कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों का श्रोताओं ने खूब आनंद लिया



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय अंतर रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ न्यू ऑडिटोरियम में हुआ। इस अखिल भारतीय स्तर की सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे के विभिन्न जोनों, उत्पादन इकाइयों एवं कारखानों से कुल 22 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें बनारस लोकोमोटिव वर्क्स , चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स, मध्य रेलवे, ईस्ट कोस्ट रेलवे, पूर्व रेलवे, इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, मेट्रो रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर पूर्व रेलवे, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, उत्तर रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवे, रेलवे बोर्ड, रेल कोच फैक्ट्री, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन, दक्षिण मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, दक्षिण रेलवे, दक्षिण पश्चिम रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे तथा पश्चिम रेलवे शामिल हैं। प्रथम दिन सुगम संगीत एवं शास्त्रीय गायन विधाओं में किया गया। विभिन्न रेल जोनों से आए प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे सभागार में समा बांध दिया।

## आयोजन

# लायंस इंटरनेशनल संस्था की थर्ड कैबिनेट अमरकंटक में



**बिलासपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल की थर्ड कैबिनेट अमरकंटक में संपन्न हुई, जिसमें लायंस क्लब वसुंधरा से रश्मि लता मिश्रा, शोभा त्रिपाठी, अर्चना तिवारी, विनीता मिश्रा, हंसा सेलारका, संजना मिश्रा, सीता तिवारी शामिल हुए। बैठक में लायंस क्लब वसुंधरा से 2 एमजेएफ एवं दो पीएमजेएफ बनने पर एलसीआईएफ सर्टिफिकेट सम्मान एवं सदस्यता वृद्धि पर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता विजय अग्रवाल के द्वारा की गई। दिलीप भंडारी, बालीजी, होरा जी, रिपू दमन पुसरी, पवन मलिक, बी महेश कुमार, सुषमा तिवारी, श्वेता शास्त्री, इन्द्रा त्रिपाठी, चंदा बंसल, आशीष अग्रवाल, निशेष वर्मा, विष्णु गुप्ता, लायंस क्लब सेवा के प्रेसिडेंट संतोष पांडे, अरविंद वर्मा शक्ति क्लब के प्रेसिडेंट, रोशनी दीक्षित एवं डिस्ट्रिक्ट के सभी क्लब के पदाधिकारी शामिल हुए ।

## कार्यक्रम

# प्रतिभाओं का सम्मान करेगी चंद्रा विकास समिति, आयोजन 8 मार्च को



**बिलासपुर।** चंद्रा विकास समिति द्वारा राज्य स्तरीय चंद्रनाहू चंद्रा समाज का प्रतिभावान एवं जनप्रतिनिधि सम्मान के साथ कॅरियर गाइड कार्यक्रम रखा गया। चंद्रा विकास समिति के भवन में समिति के अध्यक्ष श्याम लाल चंद्रा, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लखेश्वरी चंद्रा एवं चंद्रनाहू चंद्रा समाज के युवा अध्यक्ष गोकुल चंद्रा के उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ। चंद्रा विकास समिति के महासचिव जीआर चंद्रा एवं सचिव के एल चंद्रा ने बताया कि 8 मार्च को लाल बहादुर शास्त्री स्कूल बिलासपुर में चंद्रनाहू चंद्रा समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभावान एवं जन प्रति निधि सम्मान के साथ कॅरियर गाइड कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें समाज के वर्तमान में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं विगत दो वर्ष में शासकीय सेवा तथा विशेष क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त करने वाले सामाजिक व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

## धर्म-क्षेत्र

# कथा में गोवर्धन पूजा व श्री कृष्ण-रुकमणी का मंगल विवाह





**बिलासपुर।** श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कुदुदण्ड में चल रहा है, मंदिर प्रांगण में बुधवार को भगवान की बाल -लीला गोवर्धन पूजा व श्री कृष्ण रुकमणी मंगल विवाह बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मोहल्ले वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया पंडित देवनारायण शर्मा के द्वारा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ का प्रवचन किया जा रहा है मुख्य जजमान शिवकुमार यादव, इंदिरा यादव, पंडित भरत तिवारी, पंडित लोमस पांडे, प्रसार मंत्री दिनेश निर्मलकर, द्वारा यह जानकारी दी गई।

# विश्व कैंसर दिवस आज, जागरूकता रैली निकलेगी

बदलती जीवनशैली और फिजिकल एक्टिविटी नहीं करना, प्रोसेस्ड फूड और कैमिकल युक्त पदार्थों पर ज्यादा निर्भर रहना और स्मोकिंग जैसी आदतें हैं। इसके अलावा कुछ कैंसर के मरीज आनुवांशिक कारणों से भी इस बीमारी का शिकार होते हैं।



## समय पर जागरूकता ही कैंसर के बचाव का सबसे बड़ा कारक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्योंकि ज्यादातर लोगों को ये बीमारी होने के बाद पता चलता है कि उन्हें कैंसर हुआ है। इसके शुरुआती लक्षणों के बारे में बहुत ही कम लोगों को मालूम होता है।

सिम्स कैंसर विभाग के एचओडी डॉ चंद्रहास ध्रुव ने बताया कि इस बीमारी पर समय पर जागरूकता ही सबसे बड़ा उपचार है। शरीर कई प्रकार कि कोशिकाओं से बना है, यह कोशिकाएं में बदलावों के कारण और अनियंत्रित तोर पर बढ़ती हैं। जिससे पूरे शरीर में फैल जाती है, तब यह शरीर के बाकि हिस्सों को अपना काम करने में दिक्कत देती हैं। इससे उन हिस्सों पर कोशिकाओं का गुच्छा, गांठ या ट्यूमर वन जाता है। इस अवस्था को कैंसर कहते हैं, यहीं ट्यूमर है जो घातक होता है और बढ़ता रहता है।

कैंसर के आम लक्षणों की बात करें तो धूम्रपान, तम्बाकू, फिजिकल एक्टिविटी की कमी, खराब डाइट, इंफेक्शन, फैमिली के जीन आदि होते हैं।

### तंबाकू भी कारक

कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के अधिकाधिक विस्तार के पीछे मनुष्य की आधुनिक जीवन शैली और खान पान की बुरी लत का विशेष योगदान है। कई लोग किसी न किसी मादक पदार्थ के सेवन के आदी हैं। तंबाकू शराब और सिगरेट जैसे मादक पदार्थों के सेवन से कैंसर नामक इस महामारी का तेजी से विस्तार होता है।

### जागरूकता रैली व संगोष्ठी

कैंसर दिवस पर सिम्स में सुबह जागरूकता रैली निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर सिम्स पहुंचेगी। इसके पश्चात कैंसर योध्दाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद डॉ. प्रशांत कशैर द्वारा कैंसर के उपचार व नई तकनीक विषय पर संगोष्ठी भी रखी गई है।



### हर दिन से 10 से 15 नए मरीज

डॉ चंद्रहास ध्रुव ने बताया कि डब्लुएचओं के अनुसार 2030 तक कैंसर से मरने वालों की संख्या पहले नंबर में आ जाएगी। हर साल 12 लाख मरीज कैंसर के शिकार होते है,जिनमें 8 लाख मरीज की मृत्यु हो जाती है। यह बीमारी पुरूष और महिला दोनों को होती है।

# आईसीएआई ने बिलासपुर शाखा को दिया प्रथम पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आईसीएआई की बिलासपुर शाखा को वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ नेशनल अवार्ड इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के द्वारा बिलासपुर शाखा को वर्ष 2025 के लिए माइक्रो श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर बिलासपुर एवं पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रेटर नोएडा में आयोजित आईसीएआई के 76th वार्षिक समारोह में शाखा के अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा ने प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ प्राप्त किया। यह सम्मान अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा, उपाध्यक्ष सीए दिनेश अग्रवाल, प्रबंधन समिति सेक्रेटरी उदय चौरसिया, उपाध्यक्ष पांडे मंगलेश पांडे, एग्जीक्यूटिव अविनाश टुटेजा, कोषाध्यक्ष प्रखर बंसल,सीकासा मिलीडे ने, इंडिया एक्सपो और मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्राप्त किया।

यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, आईसीएआई प्रेसिडेंट एवं वाइस प्रेसिडेंट द्वारा एवं सेंट्रल काउंसिल मेंबर्स अध्यक्ष की उपसस्थिति में संपन्न हुआ। जहां देश विदेश से दस हजार 10 हजार से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने हिस्सा लिया। शाखा के अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा ने इसका श्रेय मैनेजिंग कमेटी, शाखा के सभी पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ सदस्यों तथा सभी मेंबर्स साथी और स्टूडेंट संगठन को दिया। यह उपलब्धि शाखा द्वारा सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिए सतत शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनीकी सत्रों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों के सफल एवं प्रभावी आयोजन का प्रमाण है। यह राष्ट्रीय अवार्ड भविष्य में भी उच्च गुणवत्ता वाले पेशेवर कार्य, नवाचार तथा छात्र-हितैषी गतिविधियों के लिए बिलासपुर शाखा को निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

# दुर्गा सप्तशती बीज मंत्र साधना की पूर्णाहुति दी गई माता की 51 हजार आहुतियां



**बिलासपुर।** श्री दुर्गा सप्तशती के बीज मंत्र साधना के एक हजार पाठ पूर्ण हुए। 14 साल बाद इस साधना की पूर्णाहुति श्री साई कृपा हॉस्पिटल सरजू बगीचा रोड के बगीचे में हुई। जिसमें माता की 51 हजार आहुतियां दी गई। हवन शुरू करने से पहले माता दुर्गा का आवाहन, श्रृंगार, पूजन विधिवत किया गया।

यह साधना बिलासपुर में 2011 में राममंदिर तिलक नगर से शुरू हुई थी तब से यह साधना लगातार बिलासपुर में हो रही है। बिलासपुर के साधक रतनपुर, मल्हार, चतुरगढ़, अमरकंटक जाकर भी साधना कर रहे है। हर शुक्रवार दुर्गा सप्तशती के बीज मंत्रों की और श्री लक्ष्मी जप श्री साई कृपा हॉस्पिटल सरजू बगीचा रोड तेलीपारा में शाम साढ़े 4 बजे होती है जो की पूर्णतः निःशुल्क रहता है। एक फरवरी को वैदिक रीति से किए गए हवन में गुरु वंदना, नवग्रह, गौरी गणेश, कलश पूजन, मंगलाचरण, अग्नि स्थापना विधिवत किया गया। शुरू में श्री गुरु स्तुति, श्री सिद्ध कुंजिका, श्री मृत संजीवनी मंत्र, श्री महालक्ष्मी मंत्र, श्री मारकंडे ऋषि, श्री ब्रम्ह वशिष्ट विश्वामित्र की आहुति दी गई। श्री मारकंडे ऋषि दुर्गा सप्तशती के रचयिता है और श्री ब्रम्ह वशिष्ट विश्वामित्र ने दुर्गा सप्तशती को सिद्ध किया था। इसके बाद श्री दुर्गा सप्तशती के पूरे 13 अध्याय की 7 सौ आहुतियां दी गई। हर अध्याय के पहले माता का आवाहन और शंखनाद किया गया। अंत में माता की आरती हुई।

इस मौके पर सेवा साधक पुनीत ढढारिया, गणेश गर्ग, प्रवीण वर्मा, ममता काले, अन्नू गर्ग, उषा यादव सहित अन्य साधकों की उपस्थिति रही।

# वनकर्मियों ने बुका डेम पहुंचकर लिया प्रकृति की सुंदरता का आनंद





**बिलासपुर।** मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्राकृतिक सुंदरता के बीच हरियाली और हरे भरे वृक्ष की गोद में सभी ने अपने को पाकर एक अलग ही अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान अनुप श्रीवास्तव के नेतृत्व में कर्मचारियों ने इस पिकनिक आनंद लिया। बस सुबह 8 बजे कूपा जलाशय के लिए रवाना हुई। इस कार्यक्रम को लेकर सभी लोगों में काफी उत्साह देखा गया। रास्ते भर सभी ने हंसी खुशी से बस के सफर का आनंद लिया। पिकनिक स्पाट कूडा जलाशय में पहुंचकर सभी के खुशी दो गुना बढ़ गई। बस का सफर काफी मजेदार रहा। पिकनिक स्पाट कूपा जलशय बिलासपुर अंबिकापुर मार्ग पर कटघोरा वनमंडल के अधीन यह एक पर्यटन स्थल है। यहां सभी ने पहुंचकर मोटर बोट का आनंद लिया। शहर की धूलभरी जिंदगी से दूर एक बना शोर गुल के शांत वातावरण में अपने को पाकर सभी काफी खुश थे। भोजन की व्यवस्था व नाश्ते की व्यवस्था वन प्रबंधन द्वारा की गई थी। इसमें रेज प्रभारी संतोष कांत का विशेष सहयोग रहा। इस दौरा कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के बीच अंताक्षरी एवं खेल कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संगीत और नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। पानी में मोटर बोट का आनंद सभी को खूब पसंद आया। इस अवसर पर पर अनूप श्रीवास्तव, मीना मिश्रा, पुष्पा लदेर, किरन केवट, हरीश जांगडे, गोपाल देवांगन, दीप प्रकाश साहू, व्यास नारायण राजपूत, दीप साहू, दिनेश मार्को, दिलकेश ध्रुव, निधि नवरंग, रामकुमार गुप्ता, रघुनाथ जायसवाल, नासी राम साहू आदि शामिल थे। अंत में सभी ने दुबारा इस तरह के प्राकृतिक का आनंद लेने समय समय पर पिकनिक स्पाट जाने की सहमति दी।

## स्पोर्टर्स न्यूज

# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो : बिलासपुर टीम ओवरऑल चैम्पियन



**बिलासपुर।** प्रदेश ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में बहतराई के इंडोर स्टेडियम 6वां राज्य स्तरीय स्वर्ण कप आमंत्रण ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया है।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि सुरक्षा के साथ सुविधा देने प्रयास किया गया है। इसके लिए टीम पर बराबर निगरानी भी की जा रही है। स्टेट से नेशनल के बाद ओलंपिक सितारा बनकर अंतरर्राष्ट्रीय फलक में चमकने के तैयारी की जाती है। प्रतियोगिता में सभी जिलों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दमखम दिखाया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मुकाबले में बिलासपुर टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ओवर आल चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया। वहीं दूसरे स्थान पर दुर्ग की टीम, तीसरे स्थान पर रायपुर और चौथें स्थान पर कोरबा की टीम रही। वही रायगढ़ टीम को चार गोल्ड, रायपुर को 3 गोल्ड, दुर्ग को 3 गोल्ड, सरगुजा को 3 गोल्ड मैडल मिला। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि शहर विधायक अमर अग्रवाल, फील ग्रुप के चेयरमैन प्रवीण झा, महापौर पूजा विधानी, डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अरविंद तिवारी, प्रदेश ताइक्वांडो संघ के महासचिव रामपुरी गोस्वामी, ओलंपिक एसोसिएशन बिलासपुर के अध्यक्ष पंकज तिवारी, जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष मनोज भिवगड़े, आयोजन समिति के अध्यक्ष रामदेव कुमावत, आचार्य सुरेंद्र गिरी गोस्वामी, प्रेमचंद शुक्ला, अमिताभ मानिकपुरी, सुशील मिश्रा, रामप्रताप सिंह, रितेश सिंह, राजकुमार शर्मा, धनीराम यादव सहित खिलाड़ी उपस्थित थे।

## शहर के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्पर्धा में किया प्रदर्शन



जयपुर में आयोजित दो दिवसीय नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों ने जिले के साथ प्रदेश का नाम रौशन किया है। 30 जनवरी एवं 1 फरवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से खेलो ताइक्वांडो यूथ स्पोर्ट्स फेडरेशन के 11 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया लिया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करने वाले 9 खिलाड़ियों का नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिमा के लिए चयन किया गया है। खिलाड़ियों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह से मुलाकात की। कलेक्टर एवं एसएसपी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उन्होंने जिले सहित पूरे प्रदेश का नाम रौशन किया है।

कलेक्टर एवं एसएसपी ने नेपाल में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कोच रिमझिम गुप्ता, मैनेजर चंद्र प्रकाश एवं अंतरराष्ट्रीय मास्टर गणेश सागर ने खिलाड़ियों का नेतृत्व किया।

## राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा आज से

राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा साफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार से किया जाएगा, जिसमें देश के सभी राज्यों से 570 से अधिक बालक-बालिका खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया के आदेश पर सभी राज्यों में नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन शुरु कर दिया गया है। इसके तहत एसजीएफआई ने छत्तीसगढ़ प्रदेंश को भी अलग-अलग नेशनल गेम्स कराने की जिम्मेदारी दी है। इस आदेश के बाद लोक शिक्षण संचालनालय और जिला प्रशासन, जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 4 से 8 फरवरी तक 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत साफ्टबॉल अंडर 17 बालक-बालिका का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मेजबाल छत्तीसगढ़ बिलासपुर के अलावा राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, विद्याभारती, मणिपुर, चंडीगढ़, महाराष्ट्र, जम्मू काश्मीर, तमिलनाडु, दिल्ली, हरियाणा, तेलांगना, पश्चिम बंगाल, सीबीएसई, बिहार टीम के 576 से अधिक बालक-बालिका खिलाड़ी और 200 कोच, आफिशियल्स हिस्सा ले रहे हैं। बुधवार से होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए ज्यादातर राज्यों की टीम बिलासपुर पहुंच गई हैं। इन सभी खिलाड़ियों के आवास की व्यवस्था बर्जेस स्कूल, सेंट पालोटी, सेंट जोसेफ, होलीक्रास, मिशन स्कूल, देवकीनंदन कन्या शाला, तिलक नगर में की गई है। साफ्टबाल प्रतियोगिता के लिए खेल का आयोजन छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक शाला मैदान, जिला खेल परिसर सरकंडा और लोयला स्कूल मैदान में किया जाएगा। प्रतियोगिता की ओपनिंग बुधवार की शाम चार बजे छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में होगी। इस दौरान मुख्य अतिथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विशिष्ट अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, कोटा विधायक भूपेन्द्र सवन्नी, ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, जिला सहकारी बैंक मर्यादित के अध्यक्ष रजनीश सिंह, नगर निगम महापौर पूजा विधानी और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी मौजूद रहेंगे।


## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बिलासपुर। तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया कि जाली निवासी संतोष सोनवानी 45 साल बाइक से बेलतरा की ओर जा रहा था। बेलतरा में सामने से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 16 सीएच, 4588 के ड्राइवर ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से संतोष सोनवानी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

### रेलवेकर्मी से मारपीट कर चाकू से हमला

बिलासपुर। जमीन विवाद में घर घुसकर रेलवेकर्मी से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया।



पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार दयालबंद निवासी सूरज सिंह राजपूत पिता स्व. शंकर सिंह राजपूत 19 साल रेलवे में ट्रेक्निशियन के पद पर कोरबा में पदस्थ है। चार दिनों की छुट्टी में वह अपने घर आए थे। 2 फरवरी को 5.20 बजे घर में वह अकेले थे। इसी दौरान उनके चाचा गणेश सिंह राजपूत जमीन विवाद में गाली गलौज करते हुए घर में घुसे और लोहे के पाइप से मारपीट करते हुए चाकू से हमला भी कर दिया गया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर चाचा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 333, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### कांग्रेस नेता के पड़ोसी के साथ मारपीट

बिलासपुर। कांग्रेस नेता के पड़ोसी से विवाद होने पर दोनों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की। उसके बाद दोनों पक्षे भीड़ को साथ लेकर रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने भी पहुंच गए। थाना परिसर में भी दोनों पक्ष के लोग विवाद करने लगे। पुलिस के बीच बचाव करने पर विवाद शांत हुआ। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि 2 फरवरी की रात कोटा रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले कांग्रेस नेता संतोष मिश्रा उर्फ छोटू का पड़ोसी राम सोनी से विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की। उसके बाद दोनों पक्ष अपने सहयोगियों के साथ रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंच गए। थाना परिसर में दोनों पक्ष के सहयोगी युवक एक दूसरे के साथ गाली गलौज कर विवाद करने लगे। स्थिति खराब होने पर पुलिस ने बीच बचाव कर विवाद शांत कराया। उसके बाद संतोष मिश्रा व राम सोनी को अस्पताल ले जाकर मुलाहिजा कराया गया। अस्पताल से लौटने के बाद दोनो पक्ष ने रिपोर्ट लिखाने से इनकार कर दिया। टीआई श्री चौहान ने बताया, दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### बलौदाबाजार अग्निकांड के आरोपी पर जुर्म दर्ज

बिलासपुर। बलौदाबाजार अग्नीकांड के आरोपी पर आपसी सौहार्द को बिगाड़ने, सामाजिक विद्वेष उन्माद फैलाकर दंगा भड़काने की साजिश का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सिम्स के डा. संजय बंजारे ने रिपोर्ट लिखाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बलौदाबाजार अग्नीकांड के आरोपी जितेन्द्र बंजारा द्वारा फेसबुक में अपने अकाउंट पर झझपुरी की घटना को लेकर वर्ग विशेष को उकसाने के लिए वीडियो अपलोड कर वायरल किया गया है। इसमें अनेक राजनीतिक दलों, राजनेताओं और सामाजिक संगठनों के विरूद्ध आधारहीन अनर्गल आरोप और अत्यंत आपत्तिजनक भाषा का उपयोग किया गया है। पिछले कुछ समय से लगातार वीडियो फेसबुक में डालकर फैलाया रहा है। पुलिस ने जितेन्द्र बंजारा के खिलाफ बीएनएस की धारा 196, 296, 299, 302, 351, 352 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**ग्राम पंचायतों का बनवाया जा रहा क्यूआर कोड** | **समर्थ पोर्टल में ग्रामीणों की अचल संपत्ति की रहेगी जानकारी**

# पंचायतों के पास संपत्तियों का डाटा ही नहीं, आनलाइन टैक्स जमा कराने की कवायद





अलग खबर

बिलासपुर। पंचायतों के पास ग्रामीणों के मकान, दुकान जैसे अचल संपत्तियों की अपडेटेड जानकारी नहीं है। वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शहरों नगरीय निकायों की तरह ही ग्राम पंचायतों में आनलाइन टैक्स जमा करने के एप लागू किया जा रहा है।

ग्राम पंचायतों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा कराने की दिशा में काम चल रहा है और बिलासपुर जिला ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ के सभी पंचायतों का क्यूआर कोड बनवाया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीणों के अचल संपत्ति की सालों पुरानी जानकारी पोर्टल में दर्ज कराई जा रही है। शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में भी लोगों से प्रापर्टी टैक्स लेने का प्रावधान किया गया है। हालांकि शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में टैक्स वसूली को लेकर उतना सख्ती नहीं बरता जाता और न ही नगरीय निकायों के तरह अधिक टैक्स लगता है। लेकिन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्राम पंचायतों में भी नगरीय निकायों की तरह आनलाइन प्रापर्टी टैक्स की दिशा में काम कर रही है। भारत सरकार के समर्थ पोर्टल के माध्यम से शीघ्र ही ग्रामीण भी आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा कर सकेंगे। यह व्यवस्था शासन की डिजिटल इंडिया एवं ई-गवर्नेंस की सोच को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है। ऐसा माना जा रहा है कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रापर्टी टैक्स भुगतान की सुविधा शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिता बढ़ेगी और टैक्स वसूली की प्रक्रिया सरल, त्वरित व भरोसमंद होगी तथा सरपंच या सचिव टैक्स वसूली में फर्जीवाड़ा नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा लोगों को ग्राम पंचायत कार्यालय के चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा और वे अपने मोबाइल, कंप्यूटर एवं अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र या सीएससी के माध्यम से आसानी से आनलाइन टैक्स का भुगतान कर सकेंगे।

### पोर्टल व आनलाइन टैक्स की दी जा रही ट्रेनिंग

जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के निर्देश से जनपद स्तर पर अधिकारियों-कर्मचारियों को तथा पंचायत सचिवों को आनलाइन समर्थ पोर्टल, पंचायत पोर्टल, संपदा ऐप एवं निर्णय एप के प्रभावी उपयोग को लेकर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पंचायत स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन, परिसंपत्तियों के प्रबंधन एवं ग्राम सभा निर्णय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित और डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण दौरान समर्थ पंचायत पोर्टल माध्यम से पंचायत संबंधी कराधान कार्यों की आनलाइन मानिटरिंग, संपदा ऐप द्वारा पंचायत की चल-अचल संपत्तियों के डिजिटल अभिलेख तैयार करने तथा निर्णय ऐप के माध्यम से शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों और निर्णयों की समयबद्ध जानकारी भी दी गई है।

### आनलाइन भुगतान की रसीद डाउनलोड कर सकेंगे

इस सिस्टम अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों का क्यूआर कोड बनवाया जा रहा है। इसके साथ ही अचल संपत्तियों का डिजिटल रिकार्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे टैक्स निर्धारण में स्पष्टता आएगी। पोर्टल पर लॉगिन कर ग्रामीण अपनी प्रापर्टी का विवरण देख सकेंगे तथा देय की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। इसी तरह आनलाइन टैक्स भुगतान की रसीद भी डाउनलोड कर सकते हैं। इससे समय बचेगा और अनावश्यक विवादों से बचा जा सकता है।

### ग्रामीण विकास कार्यो में खर्च होगी राशि

समर्थ पोर्टल के जरिए ग्रामीणों से जो प्रापर्टी आनलाइन जमा होगा। वह राशि ग्राम पंचायत के बैंक एकाउंट में जाएगा। टैक्स से प्राप्त राशि का उपयोग ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो जैसे सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, स्ट्रीट लाईट व मूलभूत सुविधाओं के विस्तार में किया जाएगा। इससे ग्राम पंचायतों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और स्थानीय विकास को गति मिलेगी।

### पोर्टल में दर्ज हो रही जानकारी

समर्थ पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायतों में भी लोगों को आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा देने की दिशा में काम चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के कामर्शियल प्रापर्टी सहित मकानों की जो जानकारी पंचायतों के पास है और जिसके आधार पर मैनुअल टैक्स पंचायत द्वारा लिया जाता था उसे ही अभी आनलाइन पोर्टल में दर्ज कराया जा रहा है।

**-संदीप अग्रवाल**
सीईओ, जिला पंचायत

### पंचायत सचिवों को ट्रेनिंग दे रहे

पूरे राज्य में सभी ग्राम पंचायतों में आनलाइन टैक्स जमा करने के लिए काम चल रहा है। समर्थ पोर्टल के जरिए ग्रामीण आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा कर सकेंगे, जिसकी प्रक्रिया चल रही है और पंचायत सचिवों को ट्रेनिंग दी जा रही है। जहां तक प्रापर्टी के डाटा वाली बात है तो पंचायतों के पास जो पुराना जानकारी है उसे ही अभी पोर्टल में दर्ज कराया जा रहा है।

**-शिवानी सिंह,** डिप्टी डायरेक्टर, पंचायत विभाग

**जेसीबी, ट्रक और बस जैसी बड़ी गाड़ियों को खींचकर विभाग ने की थी कार्रवाई**

# 10 सालों से परिवहन विभाग के कार्यालय में खड़ी 15 गाड़ियां कबाड़ में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बकाया टैक्स नहीं पटाने के मामले में परिवहन विभाग द्वारा की गई सीजिंग अब विभाग के लिए ही सिरदर्द बन चुकी है। सालों से परिसर में खड़ी 15 गाड़ियां सरकारी कामकाज का मुंह चिढ़ा रही है। गाड़ियों के मालिकों ने सरकार को टैक्स का चुना लगाया है लेकिन विभाग उसने वसूल करने में पस्त हो चुका है। वहीं दूसरी ओर कार्यालय में खड़ी गाड़ियां अब कंडम हो चुकी है।

- **अब विभाग के माथे में इसे ठिकाने लगाने का ठेका**

लाखों रूपए के टैक्स बकाया राशि की भरपाई के लिए परिवहन विभाग हर साल कार्रवाई करता है, इस दौरान टैक्स नहीं पटाने के मामले में गाड़ियों की सीजिंग प्रक्रिया अपनाई जाती है। गाड़ियों को खींचकर कार्यालय में खड़ी कर दी जाती है। इसमें ज्यादातर कार्रवाई परिवहन विभाग की फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा की जाती है। वर्तमान में लगरा स्थित क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय में 15 गाड़ियां सालों से खड़ी जंग लग रही है। इसमें जेसीबी, बस, ट्रक, मेटाडोर शामिल है। इन गाड़ियों की पुछपरख करने वाला कोई नहीं है, कई गाड़ियों से नंबर प्लेट तक गायब हो चुके है। गाड़ियां अब कबाड़ में तब्दील होने लगी है लेकिन विभाग इन्हें हटा नहीं पा रहा है। दरअसल इसके हटाने के लिए उच्च कार्यालय की परमिशन की जरूरत है, लेकिन अधिकारियों को काम से फुरर्सत नहीं मिल रही है, जिसके चलते गाड़ियां कबाड़ में भी नहीं बिक रही है।







लगरा स्थित आरटीओ कार्यालय में कबाड़ पड़ी गाड़ियां।

### परिसर में बनेगा ई लर्निंग टैक

बताया जा रहा है कि लगरा स्थित परिसर में ही कम्प्यूटराईड व सैमुलेटेड मशीनों के परीक्षण के आधार पर ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने की योजना है। रायपुर की तर्ज पर बिलासपुर में भी आटोमेटिक ड्राइविंट टेस्टिंग ट्रैक की स्थापना की जाएगी। इसके लिए विभाग को 1 करोड़ 80 लाख रूपए मिला है। जमीन लगरा स्थित 12 एकड़ जमीन पर बनाया जाना है लेकिन इससे पहले परिसर को खाली किया जाना जरूरी हो चुका है।

### जल्द कार्रवाई की जाएगी

कर्मचारियों को कबाड़ हो चुकी गाड़ियों को हटाने के लिए कहा गया है लेकिन कई गाड़ियों के दस्तावेज नहीं मिले, जिसके चलते काम पूरा नहीं हो सका है। इस संबंध में उच्च कार्यालय से दिशा निर्देश लिए जा रहे है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

**-असीम माथूर,** आरटीओ, परिवहन विभाग

**ई-केवायसी नहीं हो सकी**

# डेढ़ लाख कार्डों से इस माह भी खाद्यान्न आबंटन में कटौती

बिलासपुर। ई-केवायसी अपडेट नहीं होने के कारण फरवरी माह में भी शासन स्तर से 1 लाख 44 हजार राशनकार्डधारी सदस्यों का खाद्यान्न आबंटन रोक दिया गया है। जनवरी महीने में यह संख्या करीब पौने दो लाख थी। तीस हजार लोगों ने जागरूकता दिखाते हुए ई-केवायसी अपडेट कराया था, जिससे उनका आबंटन रिलीज किया गया है।

राशनकार्डधारी सदस्यों का ई-केवायसी अपडेट नहीं होने के कारण फरवरी माह में भी जिले से बड़ी संख्या में कार्डधारी सदस्यों का खाद्यान्न आबंटन रोक दिया गया है। जिले में कार्डधारी सदस्यों की कुल संख्या 18 लाख 30 हजार 312 है, जिनमें 16 लाख 79 हजार 962 सदस्यों के ई-केवायसी अपडेट किए जा चुके हैं। इसके विपरीत 1 लाख 44 हजार 336 सदस्यों द्वारा अब तक केवायसी अपडेट नहीं कराया गया है। केवायसी नहीं कराने वालों में 1 लाख 2 हजार 77 सदस्य बीपीएल राशनकार्डधारी हैं, जबकि 42 हजार 259 एपीएल कार्डधारी शामिल हैं। ई-केवायसी को लेकर शासन सख्त रवैया अपना रहा है, क्योंकि इसके लिए एक साल पहले से ही निर्देश दिए जा चुके थे। जिले में ज्यायादातर लोगों के ई-केवायसी अपडेट हो चुके हैं, लेकिन जिनके नहीं हो सके हैं, उनका आबंटन सिर्फ इसलिए रोका जा रहा है, ताकि उन्हें ई-केवायसी के लिए प्रेरित किया जा सके। ई-केवायसी होने की स्थिति में सबका आबंटन जारी कर दिया जाएगा।

### ग्राम पंचायत व नगरीय निकायों को भेजा पत्र

खाद्य विभाग द्वारा अपने स्तर पर तो ई-केवायसी कराए ही जा रहे हैं, लेकिन इसे अभियान के तौर पर चलाते हुए इस कार्य के लिए ग्राम पंचायतों व नगरीय निकायों को भी पत्र लिखा गया है, इन संस्थाओं द्वारा अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में रहने वाले राशन कार्डधारियों को ई-केवायसी के लिए न केवल प्ररित किया जाए, बल्कि केवायसी कराया भी जाए।

### ई-केवायसी के लिए किया जा रहा जागरूक

कार्डधारियों के द्वारा लगातार ई-केवायसी कराए जा रहे हैं। जनवरी में केवायसी नहीं कराने वालों की संख्या कुछ और थी, और अब फरवरी में घटकर और कम हो चुकी है। इसके लिए ग्राम पंचायतों व नगरीय निकायों को भी पत्र लिखा गया है, ताकि अधिक से अधिक कार्डधारियों को ई-केवायसी के लिए जागरूक किया जा सके।

**-अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

# ग्रीन लाइट होने पर जल्दी निकलने के फेर में बस ने स्कूटी को ठोका, छात्रा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्रीन लाइट होने पर जल्दी निकलने के फेर में बस के ड्राइवर ने स्कूटी सवार छात्र को टक्कर मार दी। दुर्घटना में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। स्कूटी बस में फंस गई, जिसे निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। हादसे के बाद ट्रैफिकजाम हो गया और वाहनों की लंबी कतार में एक एम्बुलेंस भी फंस गई। मौके पर मौजूद ट्रैफिक जवानों ने बड़ी मुश्किल से एम्बुलेंस को जाम से बाहर निकाला।





दुर्घटना के बाद बस के नीचे दबी स्कूटी।



स्कूटी सवार घायल छात्रा।

3 फरवरी को स्कूल की छुट्टी होने पर एक छात्रा परिजन के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 10 सीसी, 6574 में बैठकर घर जा रही थी। दोपहर 12 बजे महाराणाप्रताप चौक में ट्रैफिक सिग्नल रेड होने पर खड़ी थी। ग्रीन सिग्नल होने पर जल्दी जाने के फेर में बस क्रमांक सीजी 10 एएम, 7344 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी। स्कूटी बस में फंस गई और छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद लोगों के द्वारा जमकर हंगामा मचाया गया। चौक में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने की कोशिश की। हादसे के बाद वाहनों की लंबी कतार लग गई और मरीज लेकर जा रहा एम्बुलेंस में फंस गया। इसके बाद परिजन घायल छात्रा को इलाज कराने के लिए ले गए। बस के नीचे से स्कूटी को निकाला गया। उसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने दोनों गाड़ियों को सिविल लाइन थाने में खड़ा करा दिया। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने कहा कि पीड़ित पक्ष ने अभी तक रिपोर्ट नहीं लिखवाई है।

### लेफ्ट साइड बंद

चौक में लेफ्ट साइड में ट्रैक्टर खड़ी कर जाम कर दिया गया था। जिससे लेफ्ट साइड जाने वाले भी फंस रहे थे। इसी के चलते चौक में ट्रैफिक का दबाव अधिक बढ़ गया था। ग्रीन लाइट होने पर वाहन सवार जल्दी निकलने के फेर में गाड़ी चला रहे थे।

# डबल फीडर से बिजली व्यवस्था होगी दुरूस्त

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान की स्वशासी समिति बैठक संपन्न कराई गई। इस दौरान बैठक में अध्यक्षता संभागायुक्त सुनील जैन ने की, वहीं कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे उपस्थित रहे। शाम 5 बजे नवीन कौंसिल कक्ष में हुई बैठक में प्रतिवेदन पर विस्तृत चर्चा की गई।

- **सिम्स में स्वशासी समिति की बैठक**

शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय व्यवस्थागत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के बाद अनुमति मिल गई है। जिसमें विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त करने सबस्टेशन में डबल फीडर स्थापना, नवीन गैस मैनीफोल्ड रूम, फिमेल सर्जिकल वार्ड का नवीनीकरण, सीटी स्केन, एमआरआई एवं अन्य रेडियोलॉजिकल जॉच को प्रायवेट रेडियोलॉजिस्ट द्वारा टेली रिपोर्टिंग, मरीजों के लिए कूलर की व्यवस्था जैसे कार्य किए जाएंगें। स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की सीट वृद्धि हेतु संबंद्धता शुल्क, चिकित्सालय हेतु कार्यालयीन व चिकित्सकीय फर्नीचर एवं ई- आफिस संचालन हेतु कम्प्यूटर, प्रिंटर खरीदी के लिए अनुमति दी गई है।

बैठक में डीन रमनेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. भूपेन्द्र कश्यप, डॉ. हेमलता ठाकुर, उपायुक्त एचएस चौहान, उपायुक्त डॉ. स्मृति तिवारी, सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल उपस्थित रहे।





# दो मामलों में साढ़े सात लाख की ठगी, अपराध दर्ज

बिलासपुर। मोबाइल हैक कर एक युवक से 2.50 लाख की आनलाइन ठगी कर ली गई।

नागदौने कालोनी निवासी शुभम साहू पिता चंद्रप्रकाश साहू (28 साल) ने रिपोर्ट लिखवाई है कि 31 जनवरी को उनका मोबाइल हैक कर अलग अलग किस्तों में 2 लाख 50 हजार 900 रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर आनलाइन ठगी कर ली गई है। उन्होंने बैंक जाकर स्टेटमेंट निकलवाया तब उन्हें रकम ट्रांसफर होने की जानकारी हुई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

दूसरी घटना में अमीन-पटवारी की नौकरी लगवाने का झांसा देकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र से पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। कोतवाली थाना प्रभारी देवेश राठौर ने बताया कि अंबिकापुर में रहने वाला अभय तिवारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। इसी दौरान उसकी पहचान दुर्गेश देवांगन से हुई। आरोपी ने खुद को प्रभावशाली लोगों से संपर्क वाला बताते हुए अमीन-पटवारी की नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। इसके बदले में उसने पांच लाख रुपये की मांग की। युवक ने अलग-अलग किस्तों में करीब पांच लाख रुपये उसे दे दिए। रुपये लेने के बाद आरोपी ने कुछ समय तक नौकरी लगने का आश्वासन देता रहा। बाद में उसने पीएससी के माध्यम से भी नौकरी लगवाने की बात कही, जिससे पीड़ित का विश्वास और बढ़ गया। काफी समय बीतने के बावजूद जब न तो नौकरी लगी और न ही रुपये वापस किए गए, बाद में मोबाइल बंद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया।

# एडीबी प्रतिनिधियों ने एटीआर में देखी वन्यप्राणियों की आवास व्यवस्था

बिलासपुर। एडीबी यानि एशियन डेवलपमेंट बैंक का प्रतिनिधि मंडल अचानकमार टाइगर रिजर्व पहुंचा, जहां उन्होंने जंगल के अंदर वन्यप्राणियों के संरक्षण व संवर्धन को देखने के बाद एटीआर प्रबंधन ने आवास संरक्षण व भविष्य की कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया।



मंगलवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक पीसीसीएफ एंड सीडब्लूएसडब्लू के मार्गदर्शन में एशियन डेवलपमेंट बैंक एडीबी के अधिकारियों की एक टीम ने अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर व बफर जोन का भ्रमण किया। इस दौरान एडीबी की टीम ने रिजर्व में संचालित विभिन्न संरक्षण गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन करते हुए वर्तमान वित्तीय आवश्यकताओं एवं अंतरालों का आकल करने के बाद वन्यप्राणी प्रबंधन एवं आवास संरक्षण के लिए भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की। भ्रमण के दौरान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एवं फील्ड डायरेक्टर, एटीआर के उप संचालक, सहायक संचालक कोर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने एडीबी प्रतिनिधिमंडल को रिजर्व में संचालित प्रमुख संरक्षण पहल, समुदाय आधारित प्रबंधन मॉडल, ईको डेवलपमेंट गतिविधियों एवं वैज्ञानिक निगरानी तंत्रों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। शिवतराई के इंटरप्रीटिशियन सेंटर में प्रथम पाली मास्टर ट्रेनर डब्लूडब्लूएफ टीम से उपेन्द्र दुबे सीनियर प्रोजेक्ट अफसर, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी डॉ. अनुराग विश्वकर्मा ने वनस्पति की पहचान, आंकड़े की एकत्रीकरण एवं कैमरा ट्रैपिंग के उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण दिया।



## खबर संक्षेप

### बाल विवाह मुक्ति अभियान रथ पहुंचा डिंडोल



**लोरमी।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह मुक्ति रथ ग्राम डिंडोल पहुंचा, जहां सरपंच प्रतिमा साहू ने महिलाओं को इस अभियान की जानकारी देते हुए जागरूक रहने की बात कही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेंद्र साहू, भोली साहू,नंदनी राजपूत, रामकली साहू, बड़े नोनी यादव, मुन्नी साहू, बुन्दा यादव, द्रोपदी साहू, भगवानी साहू, रमाकांत यादव, परमा निषाद, नरेंद्र साहू, रामभरोस, कुमार साहू सहित कृषक सहयोग संस्थान की पूरी टीम एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नए सीएमओ ने ग्रहण किया मल्हार नपं का पदभार



**मल्हार।** पांच वर्ष के अंदर 10वें सीएमओ अनुभव सिंह ने मंगलवार को नगर पंचायत मल्हार का प्रभार लिया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष व नगर पंचायत के कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अब नए सीएमओ के लिए भी यहां का प्रभार लेना किसी चुनौती से कम नहीं होगा, क्योकि इनसे पहले किसी भी सीएमओ ने एक साल का कार्यकाल भी पूरा नहीं कर पाया। इसका प्रमुख कारण सत्तासीन जनप्रतिनिधियों से बेहतर तालमेल का अभाव था। बार-बार सीएमओ बदले जाने से इन पांच वर्षों में नगर के विकास में भारी बाधा आई। हालांकि नए सीएमओ अनुभव सिंह ने नगर के लोगों को आस्वस्त किया कि, कोई भी काम नहीं रुकेगा। उनका कहना है कि, यहां के लिए पहली प्राथमिकता धर्मनगरी के अनुरूप नगर की सुंदरता के लिए साफ-सफाई होगी।

### जयरामनगर में मारवाड़ी सेवा समिति का गठन



**जयरामनगर।** जयरामनगर में नई मारवाड़ी सेवा समिति का गठन किया गया, जिससे नगर के अग्रवाल समाज को नई दिशा मिलेगी। जगदीश प्रसाद केडिया के मार्गदर्शन में राजेंद्र बंसल अध्यक्ष, संजीव शर्मा उपाध्यक्ष, राजकुमार अग्रवाल सचिव व नरेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष बनाए गए। इस दौरान समाज के बाकी सभी सदस्य उपस्थित थे।

### एबीयू की सॉफ्टबॉल टीम में फास्टरपुर के खिलाड़ियों का चयन



**तखतपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय फास्टरपुर विश्वविद्यालय की सॉफ्टबॉल पुरुष टीम में दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं क्रीड़ा प्रभारी अपनीत तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि, आल इंडिया साफ्टबाल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 4 फरवरी के बीच संत गाडगे बाबा विश्वविद्यालय अमरावती महाराष्ट्र में होगा। जिसके अंतर्गत अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर की सॉफ्टबॉल पुरुष टीम में फास्टरपुर महाविद्यालय से छात्र बाबूलाल चंद्राकर और तालवीट का चयन हुआ है।

### सूर्यघर योजना के तहत जागरूकता एवं पंजीयन शिविर का आयोजन



**भर्रीडांड़।** जीपीएम जिले के मरवाही विकासखण्ड में मंगलवार को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में एक दिवसीय जागरूकता एवं पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सिवनी की सरपंच रचना कंवर रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय गुप्ता उपसरपंच ग्राम पंचायत सिवनी उपस्थित रहे। साथ ही द्वारेलाल केवट जनपद सदस्य एवं प्रयास कैवर्त की उपस्थिति भी रही। शिविर के दौरान योजना की विस्तृत जानकारी जफर मलिक सहायक अभियंता मरवाही एवं अमित कुमार कनिष्ठ अभियंता सिवनी ने दी। रचना कंवर ने कहा कि, सौर ऊर्जा अपनाना समय की आवश्यकता है और यह पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी लाभकारी है। विशिष्ट अतिथि संजय गुप्ता ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में योजना से जुड़ने की अपील की।

## नियमित गश्त, आदतन अपराधियों की निगरानी सहित दिए कई निर्देश

# आईजी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज रामगोपाल गर्ग ने जिले के प्रवास के दौरान थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना के रजिस्टरों की जांच की गई तथा थाना प्रभारी, विवेचकों एवं मुहर्रिर को निगरानी बदमाश एवं गुंडा बदमाश चेकिंग कर स्पष्ट उल्लेख रोजनामचा में दर्ज करने, तख्ती में प्रविष्टि करने, थाना परिसर की साफ–सफाई सुनिश्चित करने, रजिस्टर अद्यतन रखने तथा सीसीटीएनएस व सायबर पोर्टल में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

क्राइम मीटिंग के दौरान जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु सभी थाना-चौकी प्रभारियों को नियमित गश्त एवं पेट्रोलिंग करने, आदतन अपराधियों व निगरानी बदमाशों पर सतत नजर रखने, रात्रि में संदिग्ध रूप से घूमने वाले व्यक्तियों की पूछताछ व जांच करने, असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने तथा बीट प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू कर 3 ग्रामों में 1 आरक्षक का चयनित कर ग्रामों में होने वाले घटनाओं की जानकारी हेतु निर्देश दिए गये। जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों को गंभीर मामलों में स्वयं विवेचना कर शीघ्र कार्रवाई करने हेतु हिदायत दी गई।

मीटिंग के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने मॉनिटरिंग में संचालित सशक्त एप्लीकेशन के उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, उक्त एप्लीकेशन के माध्यम से पूरे राज्य में लावारिस अवस्था में मिले वाहनों की तत्काल पहचान संभव होगी तथा चोरी किए गए वाहनों मोटर सायकल, कार आदि की पतासाजी कर न्यायालय के आदेशानुसार वाहन मालिकों को सुपुर्द किया जा सकेगा। साथ ही संपत्ति संबंधी अपराधों, विशेषकर चोरी, लूट, डकैती एवं वाहन चोरी के मामलों में शीघ्र आरोपी गिरफ्तारी एवं मशरूका बरामदगी के निर्देश दिए गए। सशक्त एप के माध्यम से जिले में 5 मोटर सायकल की बरामदगी पश्चात विधिसम्मत कार्रवाई की गई है, जिसके लिए पुलिस महानिरीक्षक ने मुंगेली पुलिस को बधाई दी। बैठक में जिला कलेक्टर कुंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।



### स्वास्थ्य शिविर में कलेक्टर ने कराई जांच

**मुंगेली।** शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित मनियारी सभाकक्ष में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट निर्माण की सुविधा भी प्रदान की गई। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने स्वयं अपनी शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच कराई और अधिकारियों–कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा संतुलित जीवन शैली अपनाने जागरूक किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सकीय टीम ने 88 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य टीम ने शिविर के दौरान जांच उपरांत आवश्यक परामर्श भी दिया एवं सभी को समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने, संतुलित आहार लेने एवं नियमित व्यायाम करने की सलाह दी गई। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। आयोजन को लेकर कलेक्टोरेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में उत्साह एवं सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन से कलेक्टोरेट परिसर में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हुईं, जिससे उन्हें काफी सुविधा मिली।

### गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण



**मल्हार।** गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर नगर में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नवीन जैतखाम की स्थापना, पाला चढ़ाने एवं भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर सतनाम शोभायात्रा का आयोजन किया गया जो बस स्टैंड के मेन गेट से अंबेडकर चौक तक निकाली गई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में सतनामी समाज के अनुयायी, युवा एवं महिलाएं शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु सौरभ साहेब रहे और अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने की। विशिष्ट अतिथियों में विधायक मस्तूरी दिलीप लहरिया, जिला पंचायत बिलासपुर एवं जनपद पंचायत मस्तूरी और नपं अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सतकली बावरे, दामोदर कांत, जनपद पंचायत सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे, नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे, महेश्वर कुर्रे, रामदेव रात्रे, बुढिखार सरपंच डॉ दीपक लहरे, डंगनिया सरपंच हर प्रसाद भारते, कमोद धीवर, अनिल कैवर्त, निलेश कैवर्त, चकरबेढा सरपंच प्रतिनिधि नवीन घोष, सत्येंद्र साहू, जगदीश राय, प्रमोद थवाईत, मिलु कैवर्त, मनराखन, कमलेश सिंह ठाकुर, आशुतोष वर्मा, सुजीत भानू, रामफल कांत, कृष्ण कुमार केवट, मिथुन यादव, रमेश यादव, रंजन साहू, किरण पाटले प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### नुनियाकछार में बगदाई मेला उत्सव प्रारंभ



**मुंगेली।** जिले के ग्राम नुनियाकछार में तीन दिवसीय बगदाई मेला उत्सव प्रारंभ हो गया है। इस वर्ष मेले का यह 14वां साल है, जिसे लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

तीन दिनों तक चलेगा कार्यक्रमों का सिलसिला- जय बगदाई दाई सेवा समिति द्वारा आयोजित इस मेले में प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। 1 फरवरी रविवार को मेले का भव्य शुभारंभ पूजन और भजन संध्या के साथ हुआ। मेले के दूसरे दिन सोमवार को दोपहर 1 बजे से मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही स्वामी आत्मानंद दाऊपारा मुंगेली नवागांव के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। 3 फरवरी मंगलवार को मेले के अंतिम दिन रात्रि 9 बजे से छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका पायल साहू और आकाश चन्द्राकर के निर्देशन में 40 कलाकारों की टीम चिन्हारी लोक मंजरी दुर्ग द्वारा पारंपरिक छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। ग्राम नुनियाकछार की पावन धरा पर आयोजित इस उत्सव में शामिल होकर धर्म और संस्कृति के इस संगम का आनंद लेने हेतु समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया है। उक्ताशय की जानकारी समिति के विश्वराज सिंह ने दी।

### धूमधाम से मनाया गया गायत्री शक्तिपीठ का 42वां स्थापना वर्ष



**पेंड्रा।** माघ पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ का 42वां स्थापना वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ परिसर में सामूहिक यज्ञ एवं विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के परिजनों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज गायत्री उपासना का विस्तार पूरे देश और विश्व में हो चुका है। सद्ज्ञान और समृद्धि को घर-घर तक पहुंचाना अखिल विश्व गायत्री परिवार का प्रमुख संकल्प है। उन्होंने बताया कि गायत्री उपासना सार्वभौम है और प्रत्येक व्यक्ति के जीवन उत्थान, मानवता के कल्याण तथा राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए अनिवार्य है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सामूहिक यज्ञ में वनांचल क्षेत्र से आए आदिवासी परिजन अधियार सिंह मेश्राम मुख्य यजमान रहे। कार्यक्रम का संचालन एलएन वैश्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसआर द्विवेदी (आईटीआई पेंड्रा), ईशु द्विवेदी, मंजू मानिकपुरी, वैशाली थानेकर, सुधा करेलिया, गोमती, प्रभा वैश्य, पिंकी द्विवेदी, पंछी कोहू, वेदांश वैश्य, पीहू मानिकपुरी सहित अनेक परिजन उपस्थित रहे।

### भगवान श्रीराम की कथा से मिलती है सकारात्मक ऊर्जाः धरमलाल



**पथरिया।** विकासखंड के ग्राम पंचायत पथरगढ़ी में आयोजित श्रीराम कथा का समापन शहस्त्रधारा के साथ मंगलवार को हुआ। कथा वाचन वृन्दावन की साध्वी रूपम राघव ने किया। ग्राम के सरपंच रामेश्वर वर्मा के नेतृत्व में होने वाले आयोजन के आखरी दिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवम क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक, जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव कथा पंडाल में बैठकर कथा का श्रवण किया। कथा वाचक साध्वी रूपम राघव ने कहा कि, कलयुग के मानव को धर्मानुरूप आचरण और मर्यादाओं का पालन करते हुए मोक्ष प्राप्ति का ज्ञान कराने भगवान श्रीराम स्वयं धरती पर जन्म लिए, और सभी मानवीय कष्टों को भोगते हुए सदमार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस दौरान धरमलाल कौशिक ने कहा कि, कथा पंडाल पर भगवान श्रीराम की कथा और भजन से आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति होती है, साथ ही शरीर सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। उन्होंने रामायण के पंक्तियों का वचन कर लोगो को धार्मिक आयोजनों में नियमित शामिल होते रहने की बात कही। सभपति अनिला देवेंद्र राजपूत ने कहा कि, ग्रामीण क्षेत्रों में धर्मिक आयोजनों के माध्यम से धार्मिक विचारो का प्रसार होता है। रघु वैष्णव ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए भगवान श्रीराम के जीवन से सीखने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा नेता निश्छल गुप्ता, देवेंद्र बाबा राजपूत, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रितेश यादव, जनपद सभपति रिंकू सिंह ठाकुर, महामंत्री बलराम जायसवाल, राधेश्याम राजपूत सहित ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## कांग्रेस ने किया कलेक्टर कार्यालय का घेराव, 2 हजार से अधिक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को जीपीएम जिले में कांग्रेस पार्टी ने मनरेगा में काम की गारंटी, मजदूरी भुगतान, धान खरीदी की सीमा बढ़ाने सहित स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय का विशाल घेराव किया। यह आंदोलन जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजमती भानु के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

- मनरेगा, धान खरीदी और मजदूरी को लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन

सुबह से ही जिले की तीनों वि का स खं डों गौरेला, पेंड्रा और मरवाही से कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एनएसयूआई और सेवादल के सदस्य बड़ी संख्या में पेंड्रा पहुंचे। हाथों में तख्तियां, बैनर और नारे लिखे पोस्टर लेकर कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमाती भानु ने कहा कि, भाजपा सरकार के कार्यकाल में ग्रामीणों, किसानों और मजदूरों की



आजीविका पर सीधा हमला हुआ है। मनरेगा के तहत न तो पर्याप्त काम मिल रहा है, और न ही समय पर मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है। वहीं धान खरीदी की सीमा कम होने से किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि, मनरेगा में 200 दिन काम की गारंटी, मजदूरी दर में वृद्धि, लंबित भुगतान का तत्काल निराकरण तथा धान खरीदी की सीमा बढ़ाकर किसानों को राहत दी जाए। मनरेगा के संभागीय समन्वयक विजय केशरवानी ने कहा कि, जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, लेकिन प्रशासन इन समस्याओं पर गंभीरता नहीं दिखा रहा। मनरेगा बचाओ संग्राम प्रभारी शैलेश पांडे ने कहा कि, यदि सरकार ने मनरेगा से जुड़े कानूनों और नीतियों में सुधार नहीं किया, तो यह आंदोलन आने वाले समय में जनआंदोलन का रूप लेगा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव, आदिवासी कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक अर्चना पोर्ते, आदिवासी नेता गुलाब राज, ब्लॉक अध्यक्ष बलबीर सिंह, ब्लाक अध्यक्ष दया वाकरे, नारायण शर्मा, ममता पावले, मुद्रिका सराटी, लालचंद सोनवानी, ओमप्रकाश बंका, मनीष दुबे, वीरेंद्र बघेल, वैभव तिवारी, पवन केशरी, रियांश सोनी सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। नेताओं ने सरकार पर बेरोजगारी, महंगाई और किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। घेराव के दौरान कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें मनरेगा, धान खरीदी, बेरोजगारी, महंगाई और स्थानीय विकास से जुड़ी प्रमुख मांगें शामिल रहीं। प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बैरिकेडिंग के बाद स्थिति को नियंत्रित करते हुए 2 हजार 267 कार्यकर्ताओं को शांतिपूर्ण ढंग से गिरफ्तार कर अस्थायी निरोध केंद्रों में रखा गया, जिन्हें शाम को रिहा कर दिया गया।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, संचालन पुष्पराज सिंह, अमोल पाठक, अवधेश गुर्जर, मालती वाकरे, सविता राठौर रेखा रंजन, सुनीता तिमोथी, चंद्रभान सिंह, हरीश राय, बाला कश्यप, मुद्रिका सराती, रामरतन पेंद्रों, अफसर खान, राहुल भैना, नारायण आर्मो, श्रीकांत मिश्रा, श्रीनु राव, बाबा साठे, तेज राजपूत, गणेश मार्को, चंद्रभान सिंह, रवि राय, सनी श्रीवास, अनुज ताम्रकार, अनस खान, मदन सोनी, संतोष ठाकुर, हेमनाथ सर्राटी, संतोष वर्मा, लक्ष्मण राठौर, कमल राठौर, सोनू अग्रवाल, मनोज श्रीवास, संतोष ठाकुर, शिवांश दुबे, कौशल राठौर, यश शर्मा, एवन पाल, नीलेश गुर्जर, लालबहादुर पोर्ते, सुंदर सिंग, दादूराम, आयुष सोनी, असलम खान, विक्रांत रोहणी, राजेश गुप्ता, रमेश कोल, शहीद राईन, गब्बर रजक सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस के सभी संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जेएमपी कॉलेज के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए विधायक

# जेएमपी कॉलेज के बच्चों ने वार्षिकोत्सव में दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर का वार्षिक उत्सव खेल परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक धर्मजीत सिंह, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष अशोक ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता कश्यप एवं अन्य उपस्थित सभी अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलन कर किया।




स्वागत भाषण एवं वार्षिक प्रतिवेदन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्ष भर कॉलेज में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों, विभिन्न खेलों में छात्रों की उपलब्धि, एनसीसी, एनएसएस के छात्रों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धि सहित कॉलेज के लिए आवश्यक मांगों का जिक्र किया। जिसमें उन्होंने एनसीसी के 11 छात्रों का चयन देश की विभिन्न सेवाओं में होने का जिक्र किया। इसके पश्चात महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका प्रज्ञा का विमोचन अतिथियों ने किया, साथ ही प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना पर महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ मीरा गुप्ता की किताब का विमोचन मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, तखतपुर को समृद्ध एवं गौरवशाली बनाने हेतु जो बन सकेगा अधिक से अधिक करने का प्रयास करेंगे। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने कहा कि महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रतिभा, परिश्रम और सामूहिक प्रयासों का उत्सव है। रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की ओर से दी गई, जिसका उपस्थितजनों समूह ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव शर्मा ने किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि अश्विनी शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, लताकश्यप, हनी पांडे, कृष्ण कुमार साहू, राहुल शुक्ला जिला पंचायत विधायक प्रतिनिधि, गुलजीत खुराना, लव पांडेय, नैनलाल साहू, प्रमोद ठाकुर, राहुल तिवारी, बृजपाल सिंह, परवेज भारमल, बसंत अंचल क्रीड़ा अधिकारी, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी सहित डॉ राजीव शर्मा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ मीना शर्मा, डॉ सीमा मनीषा नाथ, डॉ शिवकुमार पाडे, डॉ डी पी चंद्रवंशी, डॉ विपिन अग्रहरि, डॉ मीरा गुप्ता, इंदुकौशल, पार्वती पटेल, सिमरन टेकचंदानी, राकेश कुमार कुर्रे, अंजीत नेताम,अनीता बरगाह, अंकुर शुक्ला,स्वाति पांडेय, प्राची गुप्ता, हिरदेश कौशिक, जसमीत कौर, दुर्गा गुप्ता, नावेद सिद्दीकी, शिव प्रसाद साहू आदि मौजूद थे।

### मेडिकल टीम ने किया डॉ तृप्ति का सम्मान



**लोरमी।** महिला चिकित्सक दिवस के अवसर पर मेडिकल टीम ने महिला चिकित्सक डॉ तृप्ति सिंह को सम्मानित किया। इस दौरान मेडिकल टीम ने कहा कि, आज का यह दिन महिला चिकित्सकों के साहस, समर्पण और चिकित्सा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को सम्मानित करने का है। हमारे लोरमी शहर की डॉ तृप्ति सिंह को सेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मेडिकल टीम लोरमी की ओर से शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर मेडिकल टीम लोरमी अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, सचिव मुकेश कश्यप, राजेंद्र साहू , उपाध्यक्ष जीवन साहू, अवधेश राजपुत, अभिलाष जायसवाल व मनीष तम्बोली उपस्थित थे।